रोहतक
शुक्रवार 27 फरवरी 2026
फाल्गुन मास शुक्ल पक्ष, एकादशी वर्ष : 30, अंक : 24
पृष्ठ 14 मूल्य 3.00

**मौसम**
अधि. 31.2
न्यून. 9.7

haribhoomi.com

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | नीचे/ऊपर |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 82,248.61 | 27.46 ▼ |
| निफ्टी | 25,496.55 | 14.05 ▲ |
| **धातु** | **कीमत** | **नीचे/ऊपर** |
| सोना | 1,63,000/- | 1000/- ▼ |
| चांदी | 2,68,000/- | 2000 ▲ |

(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)

| मुद्रा | प्रति डॉलर | नीचे/ऊपर |
|---|---|---|
| रुपया | 90.92 | 1 पैसे ▼ |

क्रूड ऑयल 71.00 बैरल 0.21% ▲

पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।

डीजीसीए ने नियमों में किया बदलाव

## 48 घंटे के भीतर टिकट रद्द करने पर मिलेगा पूरा पैसा

**नई दिल्ली (भाषा)।** विमानन नियामक डीजीसीए ने एयरलाइन कंपनियों के लिए टिकट किराया वापसी नियमों में संशोधन किया है। यात्री कुछ शर्तों के अधीन, बुकिंग के 48 घंटों के भीतर बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के हवाई टिकट रद्द या बदल सकते हैं। डीजीसीए ने कहा कि यदि यात्री बुकिंग के 24 घंटों के भीतर किसी प्रकार की गलती को बताता है और टिकट सीधे एयरलाइन की वेबसाइट के माध्यम से बुक किया गया है, तो विमानन कंपनियों को उसी व्यक्ति के नाम पर सुधार के लिए कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लेना चाहिए। 'ट्रैवल एजेंट/पोर्टल के माध्यम से टिकट खरीदने की स्थिति में, पैसे वापसी की जिम्मेदारी एयरलाइन कंपनियों की होगी।



**फ्लाइट से सात दिन पहले बुकिंग जरूरी**

सरकार का डेडलाइन बढ़ाने से इनकार

## एक मार्च से सिम कार्ड के बिना नहीं चलेगा व्हाट्सएप

**नई दिल्ली (भाषा)।** केंद्र सरकार ने गुरुवार को साफ कर दिया है कि 'सिम बाइंडिंग' के नियमों को लागू करने की 28 फरवरी की डेडलाइन नहीं बढ़ाई जाएगी। नए नियमों के तहत मोबाइल में सिम कार्ड न होने पर वॉट्सएप, टेलीग्राम, सिग्नल, स्नैपचैट, शेयरचैट, जियोचैट, अराटाई और जोश जैसे मैसेजिंग एप काम नहीं करेंगे। कंप्यूटर पर लॉगिन वॉट्सएप भी 6 घंटे में लॉगआउट हो जाएगा। सरकार का दावा है कि इससे साइबर धोखेबाजों का पता लगाने में मदद मिलेगी। सिम बाइंडिंग एक सुरक्षा कवच है। यह नियम 1 मार्च 2026 से प्रभावी होगा।



**कंप्यूटर पर हर 6 घंटे में लॉगआउट होगा**

तेल कंपनियों को ई20 पेट्रोल बेचना होगा

## एक अप्रैल से 20% एथेनॉल मिक्स पेट्रोल की बिक्री जरूरी

**नई दिल्ली (भाषा)।** केंद्र सरकार ने एक अप्रैल से देशभर में ई20 पेट्रोल की बिक्री अनिवार्य कर दी है। पेट्रोलियम मंत्रालय ने इस संबंध में नोटिफिकेशन जारी किया है। इसके अनुसार, अब सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में तेल कंपनियों को 20% एथेनॉल मिला हुआ पेट्रोल ही सप्लाई करना होगा। हालांकि, देश के कई हिस्सों में ई20 (20% इथेनॉल मिक्स) पेट्रोल की शुरुआत 2023 से ही हो चुकी है, लेकिन ये ऑप्शनल था। सरकार ने हाल ही में एथेनॉल ब्लेंडिंग का लक्ष्य 2030 से घटाकर 2025-26 कर दिया था, जिसे अब पूर्ण रूप से लागू किया जा रहा है।




**पुरानी गाड़ियों के माइलेज पर पड़ेगा असर**

सुरक्षा बढ़ाने के लिए सरकार उठा रही कदम

## ड्राइविंग लाइसेंस पर मिलेंगे ग्रेड, नियम तोड़े तो होगा रद्द

**नई दिल्ली (भाषा)।** भारत में सड़क सुरक्षा को लेकर सरकार एक बड़ा कदम उठाने जा रही है। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने घोषणा की है कि जल्द ही देश में 'ग्रेड आधारित ड्राइविंग लाइसेंस प्रणाली' लागू की जाएगी। इस नई व्यवस्था का मकसद है कि लोग जिम्मेदारी से वाहन चलाएं और बार-बार यातायात नियम तोड़ने वालों पर सख्ती की जाए। इस प्रणाली के तहत हर ड्राइवर को कुछ अंक दिए जाएंगे। यदि कोई व्यक्ति यातायात नियमों का उल्लंघन करता है, तो उसके अंक काटे जाएंगे। लगातार गंभीर उल्लंघन करने पर लाइसेंस छह महीने के लिए निलंबित किया जा सकता है।



**गंभीर उल्लंघन करने पर 6 माह के लिए निलंबित**

# इजराइल के साथ भारत जल्द करेगा फ्री ट्रेड एग्रीमेंट : मोदी

**मोदी-नेतन्याहू की बैठक में समझौता, इजराइल में चलेगा भारतीय यूपीआई**

एजेंसी ▸▸ तेल अवीव

प्रधानमंत्री मोदी इजराइल दौरे के दूसरे और आखिरी दिन यरूशलम के होलोकॉस्ट मेमोरियल 'याद वाशेम' पहुंचे। यहां उन्होंने हिटलर के नाजी शासन में मारे गए 60 लाख यहूदियों को श्रद्धांजलि दी। इसके बाद इजराइली राष्ट्रपति इसाक हर्जोग से मुलाकात की। इस दौरान इसाक ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ी है, जो पूरी दुनिया का ध्यान खींच रही है। वहीं, पीएम मोदी ने इजराइली राष्ट्रपति को भारत आने का न्योता दिया। फिर पीएम मोदी और इजराइली पीएम नेतन्याहू ने द्विपक्षीय मीटिंग के बाद जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान बताया गया है कि इजराइल में भी अब भारत का यूपीआई पेमेंट सिस्टम चलेगा। पीएम मोदी ने कहा कि भारत जल्द इजराइल के साथ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) करेगा। मोदी बुधवार को इजराइल पहुंचे थे।



पीएम मोदी और इजराइल के पीएम नेतन्याहू साइबर सुरक्षा समाधान चर्चा करते हुए।

- रक्षा, अंतरिक्ष और ऊर्जा सहयोग बढ़ाने पर जोर
- सिविल न्यूक्लियर एनर्जी और स्पेस सेक्टर में साझेदारी बढ़ाएंगे
- मोदी बोले, इजराइल आना गर्व की बात

### किसानों और गांवों के लिए नई पहल

कृषि क्षेत्र में दोनों देशों का सहयोग पहले से सफल रहा है। भारत में इजराइल की मदद से बने सेंटर्स ऑफ एक्सीलेंस की संख्या 100 तक बढ़ाई जाएगी। गांव-गांव तक नई खेती तकनीक पहुंचाने के लिए "विलेज ऑफ एक्सीलेंस" बनाए जाएंगे। इससे किसानों की आय और उत्पादन बढ़ेगा। भारतीय कामगारों ने इजराइल में मेहनत से भरोसा जीता है। अब सहयोग को कॉमर्स और सर्विस सेक्टर तक बढ़ाया जाएगा।

### भारत-इजराइल रिश्ते और मजबूत होंगे

दोनों देशों के रिश्ते भरोसे, लोकतंत्र और इंसानी मूल्यों पर बने हैं। अब इस रिश्ते को स्ट्रैटजिक पार्टनरशिप का दर्जा देने का फैसला हुआ है। यह दोनों देशों के लोगों की उम्मीदों को दर्शाता है।

### व्यापार व टेक्नोलॉजी में सहयोग

दोनों देश व्यापार और निवेश बढ़ाने पर काम कर रहे हैं। जल्द ही फ्री ट्रेड एग्रीमेंट पूरा करने की कोशिश होगी। एआई, क्वांटम टेक्नोलॉजी और जरूरी खनिज जैसे क्षेत्रों में साथ काम होगा। इजराइल में यूपीआई इस्तेमाल के लिए समझौता हुआ है।

### रक्षा, अंतरिक्ष और ऊर्जा सहयोग

बैठक के बाद कहा गया कि रक्षा क्षेत्र में दोनों दोशों का भरोसेमंद सहयोग है, जिसे और बढ़ाया जाएगा। जॉइंट डेवलपमेंट, प्रोडक्शन और टेक्नोलॉजी ट्रांसफर पर काम होगा। सिविल न्यूक्लियर एनर्जी और स्पेस सेक्टर में भी साझेदारी बढ़ेगी।

## न्यायपालिका में भ्रष्टाचार वाली एनसीईआरटी किताब पर बैन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को 'न्यायपालिका में भ्रष्टाचार' चैप्टर वाली एनसीईआरटी के 8वीं क्लास की सोशल साइंस की किताब बैन कर दी है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने किताब छापने और बिक्री पर रोक लगाने का आदेश दिया। साथ ही कहा कि जो किताबें छप चुकी हैं, उसे जब्त कीजिए और डिजिटल कॉपियों को भी हटाइए। कोर्ट ने इस मामले में एनसीईआरटी डायरेक्टर और केंद्रीय शिक्षा सचिव को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। सिलेबस से जुड़ी बैठकों की कार्यवाही और विवादित चैप्टर लिखने वाले लेखकों के नाम और उनकी योग्यता बताने को भी कहा है। सीजेआई ने कहा- यह न्यायपालिका को बदनाम करने की गहरी और सोची-समझी साजिश लगती है। जिम्मेदारों की पहचान कर सख्त कार्रवाई की जाएगी। गहराई से जांच होगी और केस बंद नहीं होगा। एनसीईआरटी पर अवमानना की कार्रवाई भी हो सकती है।



सीजेआई ने किताब छापने और बिक्री पर रोक लगाने का आदेश दिया

## विधानसभा में जी-रामजी पर हंगामा, कांग्रेस का वॉकआउट

**मुख्यमंत्री बोले- विपक्ष राम विरोधी, निंदा प्रस्ताव लाएंगे**


**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** हरियाणा विधानसभा बजट सत्र का गुरुवार को 5वां दिन रहा। विधायक रामकुमार कश्यप की ओर से लाए गए जी राम जी पर चर्चा के प्रस्ताव पर जमकर हंगामा हुआ। कांग्रेस विधायक बीबी बत्रा ने कहा कि जी राम जी को लेकर इस हाउस में चर्चा से क्या होगा। इसे लेकर बत्रा की स्पीकर हरविंद्र कल्याण में तीखी बहस भी हुई। इस पर स्पीकर ने कह दिया कि आप यदि इस पर चर्चा करना चाहते हैं तो बोलिए अन्यथा और किसी विषय पर चर्चा नहीं की जाएगी। इसे लेकर कांग्रेस विधायकों ने सदन से वॉकआउट कर दिया। सीएम नायब सैनी ने कहा कि विपक्ष राम विरोधी है, हम निंदा प्रस्ताव लाएंगे। *(विस्तृत खबर पेज -2 पर)*

### प्राकृतिक आपदा पर हमारी सरकार ने किसानों को पूरा मुआवजा दिया



विधायक बीबी बत्रा की स्पीकर से तीखी बहस, पूछा-चर्चा से क्या होगा

चर्चा के दौरान कांग्रेस विधायक बलराम दांगी ने कहा, 30 गांवों के 9000 किसानों ने मुआवजा के लिए अप्लाई किया था। इस किसानों में से 90 से 95% फसलों को नुकसान हुआ है। इनके खेतों में पानी भरा हुआ है। इनमें से अभी तक 1732 किसानों को मुआवजा दिया गया है। बाकी का काट दिया गया है। इसका जवाब देते हुए सीएम नायब सैनी ने कहा, प्राकृतिक आपदा के कारण किसानों को जो नुकसान हुआ है, उसका 100% पैसा खाते में पहुंचाया गया है। कांग्रेस के शासनकाल में पटवारी एक जगह बैठ जाते थे। हमने कार्रवाई की है, पटवारियों पर। हमारी सरकार ने आपके क्षेत्र में साढ़े छह करोड़ रुपया खराबे का भेजा हुआ है। मैं आपकी बुराई नहीं कर रहा है, लेकिन आपके समय में सिस्टम ही ऐसा था।




### राज्यसभा की दो सीटों पर चुनाव के लिए अधिसूचना जारी

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** हरियाणा राज्यसभा के द्वि वार्षिक चुनावों के लिए नामित रिटर्निंग ऑफिसर पंकज अग्रवाल ने बताया कि राज्यसभा सदस्य किरण चौधरी और रामचंद्र जांगड़ा का कार्यकाल 9 अप्रैल, 2026 को पूरा हो रहा हैं। रिक्त होने वाले स्थानों को भरने के लिए द्वि वार्षिक निर्वाचन कार्यक्रम जारी किया है। इस निर्वाचन प्रक्रिया के तहत, इन दोनों पदों के लिए नॉमिनेशन 5 मार्च 2026 तक जमा किए जा सकते हैं। नॉमिनेशन की स्क्रूटनी 6 मार्च को की जाएगी, और आवेदक 9 मार्च तक अपने आवेदन वापस ले सकते हैं। यदि आवश्यक हुआ, तो मतदान 16 मार्च 2026 को सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक हरियाणा विधानसभा सचिवालय के कमेटी रूप में होगा। अग्रवाल ने यह भी बताया कि आवेदन दस्तावेज कार्यदिवसों में सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक हरियाणा विधानसभा सचिवालय में एआरओ गौरव गोयल को सौंपे जा सकते हैं।

### अनिल अंबानी पर 2,220 करोड़ की धोखाधड़ी का केस

**नई दिल्ली।** अनिल अंबानी और उनकी कंपनी रिलायंस कम्युनिकेशंस के खिलाफ सीबीआई ने धोखाधड़ी का नया मामला दर्ज किया है। आरोप है कि अनिल और उनकी कंपनी ने 2013 से 2017 के बीच बैंक ऑफ बड़ौदा के साथ 2,220 करोड़ रुपये से ज्यादा की धोखाधड़ी की है। सीबीआई ने गुरुवार को अनिल अंबानी के घर और रिलायंस कम्युनिकेशन के दफ्तरों पर छापेमारी की। उनसे सात घंटे तक पूछताछ भी की गई।





# आपात चिकित्सा के लिए कोर्ट क्यों आएं कर्मचारी

## हाईकोर्ट का निर्देश: इलाज खर्च नीति को बदले सरकार



■ जीवन का अधिकार सर्वोपरि, कर्मियों व पेंशनभोगियों को इलाज के भुगतान के लिए अदालतों का चक्कर कटवाना संवैधानिक भावना के खिलाफ

**चंडीगढ़।** पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने जीवन के अधिकार को सर्वोपरि बताते हुए हरियाणा सरकार को आपातकालीन चिकित्सा प्रतिपूर्ति नीति पर पुनर्विचार करने के निर्देश दिए हैं। अदालत ने स्पष्ट किया कि जीवनरक्षक उपचार के मामलों में कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को खर्च की प्रतिपूर्ति के लिए अदालतों का दरवाजा खटखटाने के लिए मजबूर करना संवैधानिक भावना के विपरीत है। जस्टिस संदीप मौदगिल की पीठ ने कहा कि प्रमाणित चिकित्सा आपातकाल की स्थिति में यदि मरीज को गैर-पैनल अस्पताल में उपचार लेना पड़े तो प्रतिपूर्ति को सरकारी दरों तक सीमित नहीं किया जा सकता। अदालत ने टिप्पणी की कि ऐसी नीति न केवल अनावश्यक मुकदमेबाजी बढ़ाती है बल्कि शासन व्यवस्था में नागरिकों के विश्वास को भी कमजोर करती है।अदालत ने अपने फैसले में प्राचीन भारतीय ग्रंथ गरुड़ पुराण के श्लोकों का उल्लेख करते हुए कहा कि शरीर की रक्षा करना मनुष्य का प्रथम कर्तव्य है और जीवन की सुरक्षा संवैधानिक अनिवार्यता भी है। कोर्ट ने कहा कि अनुच्छेद-21 के तहत जीवन का अधिकार केवल जीवित रहने का औपचारिक अधिकार नहीं, बल्कि गरिमा और सार्थक अस्तित्व की रक्षा का अधिकार है। मामला एक कर्मचारी से जुड़ा था, जिन्हें गंभीर न्यूरोलॉजिकल आपातकाल के दौरान गैर-पैनल अस्पताल में भर्ती कराया गया था। सरकार ने उन्हें इलाज का आधा खर्च ही दिया था।

### ट्रायल में पांच साल की देरी पर हाईकोर्ट सख्त

■ हाईकोर्ट ने न्यायिक अधिकारी से स्पष्टीकरण मांगा

**चंडीगढ़।** पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने गुरुग्राम से जुड़े एक आपराधिक मामले के ट्रायल में करीब पांच वर्ष की असामान्य देरी पर गंभीर नाराजगी जताते हुए संबंधित न्यायिक अधिकारी, लोक अभियोजक तथा जिला अटार्नी की कार्यप्रणाली पर कड़ा रुख अपनाया है। जस्टिस एन एस शेखावत की एकल पीठ राजेश मलिक व अन्य द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश जारी किया।

### बलराज कुंडू की सुरक्षा के लिए पांच कर्मचारी तैनात

■ पूर्व विधायक को धमकी पर सरकार का हाईकोर्ट में जवाब

**चंडीगढ़।** महम विधानसभा सीट से निर्दलीय विधायक रहे बलराज कुंडू की सुरक्षा की मांग की याचिका पर सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट को बताया गया कि कुंडू के घर की सुरक्षा के लिए एक एएसआई व चार पुलिसकर्मी तैनात किए गए है। इसके अलावा कुंडू को तीन पीएसओं भी दिए गए है। इस मामले की चंडीगढ़ पुलिस जांच कर रही है व हरियाणा में जीरो एफआईआर दर्ज की गई है।

## आयुष्मान भारत में 2694 उपचार पैकेज उपलब्ध : स्वास्थ्य मंत्री

**चंडीगढ़।** स्वास्थ्य मंत्री आरती राव ने कहा कि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत सरकार प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ कर रही है। योजना के अंतर्गत शल्य चिकित्सा, डे केयर उपचार, दवाइयों एवं जांच की लागत सहित लगभग 2694 उपचार पैकेज उपलब्ध हैं। मंत्री वीरवार को हरियाणा विधानसभा बजट सत्र के दौरान सदन के एक सदस्य द्वारा पूछे सवाल का जवाब दे रही थी। आरती सिंह राव ने बताया कि 20 फरवरी 2026 तक प्रदेश में कुल सक्रिय कार्डों की संख्या 1.38 करोड़ से ज्यादा है।



### रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर तेजी से हो रहा विकसित

लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें) मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में राज्य के सड़क तंत्र तथा आरओबी (रेलवे ओवरब्रिज) और आरयूबी (रेलवे अंडर ब्रिज) के निर्माण में अभूतपूर्व प्रगति हुई है। लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें) मंत्री रणबीर गंगवा वीरवार को हरियाणा विधानसभा में चल रहे बजट सत्र के दौरान विधायक लक्ष्मण सिंह यादव द्वारा पूछे प्रश्न का जवाब दे रहे थे। मंत्री ने बताया कि सड़क और रेलवे परियोजनाओं के क्षेत्र में किये गए इन प्रयासों का सकारात्मक प्रभाव आमजन की जिंदगी पर सीधे दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा की यही कारण है कि जनता ने तीसरी बार भाजपा को चुना।

## खबर संक्षेप



**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह ने बृहस्पतिवार को संत कबीर कुटीर में प्रदेशभर से आए लोगों की शिकायतें सुनीं व समाधान के निर्देश दिए।

### 22 टूरिस्ट कॉम्प्लेक्स पर मनाया जाएगा रंगोत्सव



**चंडीगढ़।** प्रदेश में पहली बार पर्यटन विभाग के टूरिस्ट काम्प्लेक्स होली के रंगों में सराबोर होंगे और आमजन, परिवार, कॉरपोरेट, आरडब्ल्यूए, एसोसिएशन इसका आनंद उठा सकेंगे। विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने हरियाणा पर्यटन निगम द्वारा 28 फरवरी से प्रारंभ हो रहे पांच दिवसीय रंगोत्सव 2026 को लॉन्च करते हुए कहा गया कि 28 फरवरी से 4 मार्च तक हरियाणा पर्यटन निगम प्रदेश में 22 टूरिस्ट काम्प्लेक्सों पर होली कार्यक्रमों का आयोजन करेगा।

### महाग्राम गांवों में तेजी से हो रहे विकास कार्य : पंवार

**चंडीगढ़।** विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में आबादी के बढ़ने के कारण सरकार ने दस हजार से अधिक आबादी वाले गांवों को महाग्राम का दर्जा दिया है। इन महाग्रामों में शहरों की तर्ज पर सीवरेज प्रणाली और बुनियादी अवसंरचना की व्यवस्था की जा रही है, ताकि ग्रामीण जीवन स्तर में सुधार हो। पंवार वीरवार को विस में चल रहे बजट सत्र के दौरान विधायक विनेश द्वारा पूछे प्रश्न का जवाब दे रहे थे। उन्होंने बताया कि जुलाना—शादीपुर बाजार की मुख्य गलियों में मौजूदा नाले में रुकावट और अवरोध के कारण जलभराव की समस्या उत्पन्न होती है।

### मुख्यमंत्री ने प्रश्नकाल में महम विधायक के पूछे सवाल पर दी जानकारी, बोले

# किसानों को शत प्रतिशत मुआवजा दिया कांग्रेस के समय चलता था 'पटवारी राज'



**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में यह पहली सरकार है जो प्राकृतिक आपदा से फसल खराब होने पर प्रभावित किसानों को शत-प्रतिशत मुआवजा किसान के खातों में पहुंचाने का काम किया है। उसी तर्ज पर राज्य सरकार भी किसानों को मुआवजा प्रदान कर रही है। मुख्यमंत्री हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र में वीरवार को प्रश्नकाल के दौरान विधायक बलराम दांगी द्वारा मुआवजे के संबंध में पूछे प्रश्न का जवाब दे रहे थे। नायब सिंह सैनी ने जवाब देते हुए कहा कि सरकार ने महम विधानसभा क्षेत्र के गांवों के किसानों को लगभग साढ़े 6 करोड़ रुपये मुआवजे के तौर पर वितरित किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस के शासन में पटवारी गांव में जाकर चौपाल पर बैठ जाता था और कुछ किसानों का नाम लिख लेता था। बाकी किसान केवल उम्मीद लगाए रह जाते थे। इनके समय में ऐसा सिस्टम था। परंतु वर्तमान सरकार ने पटवारियों की जिम्मेदारी तय की है और उन पर कार्रवाई भी की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पटवारी की जिम्मेदारी तय की है कि अगर किसी किसान की फसल का खराबा हुआ है तो उसकी शत-प्रतिशत सूचना सरकार को लिखित में देगा। इतना ही नहीं, मुआवजा के लिए अलग स्लैब बनाई है।

### एआई समिट में कांग्रेस ने देश का अपमान किया

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि हाल ही में नई दिल्ली में आयोजित इंडिया ए आई समिट में कांग्रेस के यूथ कार्यकर्ताओं ने जिस प्रकार का नंगा नाच किया और भारत देश को दुनियाभर में अपमानित करने का काम किया है, उसकी जितनी निंदा की जाए उतनी कम है। मुख्यमंत्री वीरवार को हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र के दौरान सदन में बोल रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाला समय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का है। इसी के मद्देनजर राज्य सरकार ने पिछले बजट में घोषणा की थी कि सरकार गुरुग्राम तथा पंचकूला में दो एआई हब बनाएगी। नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में वैश्विक स्तर की ए आई समिट का आयोजन किया गया। इस समिट में पूरी दुनिया से लोगों ने भागीदारी की, लेकिन कांग्रेस के यूथ कार्यकर्ताओं ने वहां नंगा नाच करके इस देश को दुनिया में अपमानित किया।

### दस नागरिक अस्पताल किए अपग्रेड

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवा रही है। इस दिशा में जिला स्तर के अस्पतालों को सीटी स्कैन, एमआरआई, डिजिटल एक्सरे इत्यादि सभी सुविधाओं से सुसज्जित किया जा रहा है। ऐसे 10 अस्पतालों को जनता को समर्पित किया जा चुका है। अन्य अपस्तालों को भी अपग्रेड किया जा रहा है। मुख्यमंत्री वीरवार को हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र में प्रश्नकाल के दौरान बोल रहे थे। वहीं मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सिंगल यूज़ प्लास्टिक के बढ़ते उपयोग पर गहरी चिंता व्यक्त की और इसके उपयोग को कम करने के लिए सामूहिक प्रयासों का आह्वान किया।

### 25 कॉलोनियों को मिलेगा पीने का पानी

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि सरकार का संकल्प है कि हर घर नल से जल पहुंचे। इस दिशा में विभाग लगातार काम कर रहा है और नई नियमित कॉलोनियों में भी पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा वीरवार को हरियाणा विधानसभा में चल रहे बजट सत्र के दौरान विधायक गीता भुक्कल द्वारा पूछे प्रश्न का जवाब दे रहे थे।मंत्री गंगवा ने कहा कि हाल ही में झज्जर में की गई 25 नियमित कॉलोनियों में जलापूर्ति की योजनाएं तैयार की जा चुकी हैं और उनके लिए अनुमान भी तैयार कर लिया गया है।


## पूरक प्रश्न विषय केंद्रित रखें विधायक : स्पीकर



**चंडीगढ़।** हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने वीरवार को बजट सत्र के प्रश्नकाल पर अपनी ऑब्जर्वेशन दी। उन्होंने सदन को संबोधित करते हुए कहा कि प्रश्नकाल चर्चा के लिए नहीं होता। उनका प्रयास रहता है कि प्रश्नकाल के दौरान अधिक से अधिक प्रश्न कार्यवाही का हिस्सा बने। तभी ज्यादा से ज्यादा सवालों के जवाब सदन में आ सकेंगे। इसलिए उन्होंने सभी सदस्यों से आग्रह किया कि पूरक प्रश्न विषय केंद्रित तथा संक्षिप्त होने चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर पूरक प्रश्नों में स्पष्टता नहीं होगी तो मंत्रीगणों को भी उनका जवाब देने में कठिनाई होगी। ऐसे में बहुत से प्रश्न छूट भी जाते हैं। इसलिए हम सभी समय का सदुपयोग करते हुए प्रश्नकाल को प्रभावी, सुव्यवस्थित और सार्थक बनाने का प्रयास करें।

### बारह शहरों में नए सेक्टर विकसित किए जाएंगे : बेदी

प्रदेश के लोगों को सस्ते प्लॉट उपलब्ध कराने की योजना के तहत 12 शहरों में नये सेक्टर विकसित किए जाएंगे। इन सेक्टरों के लिए करीब 40 हजार एकड़ जमीन की जरूरत पड़ेगी। हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की ओर से इस जमीन का इंतजाम कर लिया गया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी अगले दो से तीन दिनों के भीतर नये सेक्टरों के विकसित करने के पूरे प्रारूप की जानकारी सदन में देंगे। हरियाणा के समाज कल्याण एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने विधानसभा में राज्य सरकार की शहरों में नये सेक्टर काटने की योजना की जानकारी दी।



## खबर संक्षेप

### महिला मित्र के साथ होटल में ठहरे बुजुर्ग की मौत

**गुरुग्राम।** महिला मित्र के साथ होटल में ठहरे एक व्यक्ति की अचानक हार्ट फेल होने से मौत का मामला सामने आया है। पुलिस को होटल के कमरे से सेक्सवर्धक दवाइयों का खाली रैपर मिला है। आशंका जताई जा रही है कि दवा की ओवरडोज से उसकी जान गई है। 12 मार्च को मृतक के बेटे की शादी भी है। बताया जा रहा है कि सोहना निवासी 56 वर्षीय ड्राइवर अपनी महिला मित्र के साथ बस स्टैंड के पास होटल आया था। महिला के अनुसार अचानक उसे सीने में तेज दर्द हुआ तो उसने डॉक्टर और पुलिस को कॉल किया, लेकिन कुछ ही मिनटों में उसकी सांसें थम गईं। घटना की सूचना मिलते ही सेक्टर 14 थाना पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। पोस्टमार्टम के बाद ही असली वजह सामने आएगी।

### पोल पर बिजली ठीक करते हुए युवक की मौत

**पानीपत।** पानीपत के गांव सींक में बिजली ठीक करने के लिए पोल पर चढ़े 40 वर्षीय राजेश की करंट लगने और नीचे गिरने से मौत हो गई। परिजनों ने बिजली निगम के अधिकारियों पर लापरवाही के आरोप लगाए हैं। राजेश के चाचा डॉ. राज सिंह ने बताया कि राजेश पहले डीसी रेट पर बिजली निगम में बतौर लाइनमैन कार्यरत था। करीब पांच साल पहले उसे पद से हटा दिया गया था, लेकिन निगम के अधिकारी अक्सर तकनीकी कामों के लिए राजेश को ही बुलाते थे। उन्होंने बताया कि 25 फरवरी की शाम को राजेश को फिर से काम के लिए बुलाया गया था। वह गांव सींक के खेतों में लगे एक बिजली पोल पर फॉल्ट ठीक करने पहुंचा था। परिजनों का आरोप है कि राजेश को बिना किसी सेफ्टी किट के पोल पर चढ़ाया गया। जब वह ऊपर चढ़कर काम कर रहा था, तभी अचानक बिजली की सप्लाई चालू कर दी गई। जिससे उसकी मौत हो गई। वहीं, राजेश अपने पीछे तीन बच्चों और परिवार को रोता-बिलखता छोड़ गया है।

### कैथल, अंबाला, नूंह व रेवाड़ी में रिश्वतखोरी के मामलों में 6 गिरफ्तार

# पैक्स में नौकरी दिलाने के नाम पर रिश्वत लेते सहायक रजिस्ट्रार व इंस्पेक्टर काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

एंटी क्रप्शन ब्यूरो कैथल की टीम ने वीरवार दोपहर को रिश्वत के मामले में कोऑपरेटिव सोसाइटी के सहायक रजिस्ट्रार ऋषि महाजन व इंस्पेक्टर को गिरफ्तार किया है। टीम ने रजिस्ट्रार को 30 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया। वहीं, इस मामले में संलिप्तता के आरोप में इंस्पेक्टर जसबीर को पकड़ा है। एंटी क्रप्शन ब्यूरो इंस्पेक्टर सूबे सिंह ने बताया कि गांव पाडला के मांगेराम ने अपनी शिकायत में कहा कि वह अपने पोते अभिमन्यु को पैक्स में नौकरी दिलवाना चाहते थे। करीब दो साल पहले पैक्स में भर्ती निकली थी, लेकिन नौकरी दिलाने के लिए अधिकारियों ने उनसे एक लाख रुपये की मांग की थी। अपने पोते की नौकरी के लिए मांगेराम ने पहले ही 70 हजार रुपये इंस्पेक्टर जसबीर को दे दिए थे, लेकिन अधिकारियों ने इसके बाद और अधिक रकम की मांग शुरू कर दी। इस मामले की एसीबी में शिकायत के बाद पीड़ित मांगेराम को 30 हजार रुपये लेकर सहायक रजिस्ट्रार ऋषि महाजन के पास भेजा गया। जब ऋषि महाजन को पैसे सौंपे गए, उसी समय विजिलेंस टीम ने उन्हें रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया।



कैथल। आरोपी को गाड़ी में बैठाते हुए।

#### 2 से 3 लाख रुपये में बांटी नौकरियां

मांगेराम ने आरोप लगाया कि पहले भी कई युवाओं को नौकरी लगवाने के लिए ऋषि महाजन और इंस्पेक्टर जसबीर ने रिश्वत ली थी। उन्होंने बताया कि 8 से 10 युवाओं ने इस प्रक्रिया के जरिए नौकरी पाई और इनमें से किसी से 2 लाख रुपये, किसी से 3 लाख रुपये लिए गए।

### पेंशन बनवाने के लिए घूस लेते पकड़ा

**गुरुग्राम।** राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की गुरुग्राम टीम ने गुरुवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए जिला समाज कल्याण कार्यालय, नूंह में तैनात स्टोर कीपर मुकेश कुमार को 10 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। मुकेश पर आरोप है कि बुढ़ापा पेंशन की फाइल पास करवाने के बदले 10 हजार रुपये की रिश्वत की मांग की गई।

### धारूहेड़ा नगर पालिका : बिल पास करने के लिए 90 हजार रुपये लेते जेई गिरफ्तार

**रेवाड़ी/धारूहेड़ा।** एसीबी गुरुग्राम की टीम ने वीरवार सायं धारूहेड़ा नगर पालिका के एक जेई को 90 हजार रुपये रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। आरोप है कि जेई ने बिल पास करने की एवज में ठेकेदार से एक लाख रुपये की मांग की थी। जेई की सेवानिवृत्ति में लगभग 5 माह का समय ही बचा हुआ था। नगर पालिका के ठेके लेने वाले ठेकेदार राजबीर के लाखों रुपये के बिल पेंडिंग चले आ रहे हैं। बिलों की फाइल नगर पालिका के जेई बूढ़पुर निवासी हरीश के पास थी। राजबीर ने पाउडर लगे 90 हजार राशि के नोट जैसे ही जेई हरीश को थमाए, एसीबी की टीम ने उसे मौके पर ही काबू कर लिया।

### वन्य जीव इंस्पेक्टर व पशु प्रेमी पकड़े

**अंबाला।** एंटी क्रप्शन ब्यूरो की टीम ने वीरवार को वन विभाग के वन्य जीव इंस्पेक्टर और एक पशु प्रेमी को तीस हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। दरअसल गांव सपहेड़ा- भीलपुरा के रहने वाले संदीप कुमार ने शिकायत दी थी कि आरोपी उस पर 30 हजार रुपये की रिश्वत देने का दबाव बना रहे हैं। उसकी ओर से जांच टीम को कुछ वॉयस रिकॉर्डिंग भी दी थी। इस शिकायत के आधार पर जांच टीम ने आरोपियों को रंगे हाथों पकड़ने की योजना बनाई। शिकायतकर्ता ने जैसे ही पशु प्रेमी भरत को 30 हजार रुपये दिए, एसीबी टीम ने उसे दबोच लिया। इसके बाद वन्य जीव इंस्पेक्टर राकेश को भी गिरफ्तार कर लिया। बताया जा रहा है कि संदीप का सुअर फार्म है और यहां मांस रखे होने पर उस पर कार्रवाई का दबाव बनाया जा रहा था।

### नारनौल के अस्पताल में आयकर विभाग का छापा

# 90 बेड के अस्पताल में 200 मरीज दिखा लगाए फर्जी बिल

- दो साल में छह से सात बड़े अस्पताल अधिगृहित करने पर भी सवाल हो रहे खड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

शहर में एक निजी अस्पताल पर आयकर विभाग की कार्रवाई दूसरे दिन वीरवार भी जारी रही। गुरुग्राम से आए इनकम टैक्स डिपार्टमेंट के असिस्टेंट डायरेक्टर अंकित सिंह राजपूत की अगुवाई में दिनभर टीम जुटी रही। मीडिया को दी जानकारी के मुताबिक एक्स सर्विसमैन कॉन्ट्रीब्यूटरी हेल्थ स्कीम (ईसीएचएस) के तहत बड़ी गड़बड़ी के पुख्ता सबूत टीम को मिले हैं। अधिकारी के अनुसार, प्रारंभिक जांच में संकेत मिले हैं कि अस्पताल की ओर से बिना मरीजों के ही फर्जी बिल क्लेम करने का बड़ा मामला सामने आ सकता है। जांच में आया कि अस्पताल में करीब 90 बेड की क्षमता है, लेकिन रिकॉर्ड में एक ही दिन में 200 से अधिक मरीजों को भर्ती दिखाया गया है, जो बुनियादी ढांचे के अनुसार संभव नहीं है। जांच के दायरे में अस्पताल संचालक हैं। टीम अस्पताल के डिजिटल उपकरणों और ईआरपी सिस्टम की क्लोनिंग कर रही है ताकि डेटा में संभावित गड़बड़ियों और लेनदेन के अंतर का पता लगाया जा सके। वहीं, टीम यह सवाल भी खंगाल रही है कि दो साल में अस्पताल मालिक ने छह से सात बड़े अस्पताल अधिगृहित कैसे किए? इतनी आय कहां से आई। इसकी जांच हो रही है।

#### ईसीएचएस में गड़बड़ी के मिल रहे पुख्ता सबूत



इनकम टैक्स गुरुग्राम के असिस्टेंट डायरेक्ट अंकित सिंह राजपूत ने मीडिया को बताया कि सूचना थी कि मरीजों के बिना ही फर्जी बिल क्लेम किए जा रहे हैं। अस्पताल के ढांचे व सुविधाओं के हिसाब से यह बिल सही नहीं लग रहे। अस्पताल के मालिक से पूछताछ कर रहे हैं। हम यह भी देख रहे हैं कि पिछले दो साल में इन्होंने छह से सात बड़े अस्पताल अधिगृहित किए हैं। वह इनकी आय के हिसाब से सही नहीं लग रहा। अभी हम इनकम टैक्स से जुड़े सबूतों की तलाश कर रहे हैं। इसकी जानकारियां हम अन्य संस्थाओं के साथ भी साझा करेंगे।

# दुराचार के बाद नाबालिग छात्रा की हत्या, केस दर्ज

- चरखी दादरी के रोज गार्डन में गंभीर हालत में मिली थी 16 वर्षीय छात्रा, पीजीआई में दम तोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी

रोज गार्डन में गंभीर हालत में मिली 16 वर्षीय छात्रा की रोहतक पीजीआई में मौत हो गई। पुलिस ने इस मामले में पिता की शिकायत पर हत्या, रेप और पोस्को एक्ट के तहत केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही सच्चाई सामने आ सकेगी कि किन परिस्थितियों व किसकी वजह से मौत हुई है। चरखी दादरी के बस स्टैंड पुलिस चौकी इंचार्ज कुलदीप ने बताया कि नाबालिग छात्रा चरखी दादरी के रोज गार्डन में मिली थी, जिसकी कोई जहरिला पदार्थ के सेवन से हालत खराब हो गई थी। रोहतक पीजीआई में उपचार के दौरान छात्रा ने दम तोड़ दिया।

वहीं, मृतक छात्रा के परिवार वालों को सूचना देकर मौके पर बुलाया गया। इधर, मृतका के पिता के बयान पर हत्या, रेप और पोस्को एक्ट के तहत केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

### भारत-यूके संसदीय मैत्री समूह में रेखा शर्मा नामित



**चंडीगढ़।** लोक सभा सचिवालय द्वारा 18वीं लोक सभा के कार्यकाल हेतु विभिन्न देशों के साथ संसदीय मैत्री समूहों का गठन किया गया है। इसी क्रम में लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला द्वारा राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा को भारत–यूके संसदीय मैत्री समूह में नामित किया गया है। यह नामांकन न केवल हरियाणा, बल्कि समूचे देश के लिए गर्व का विषय है। रेखा शर्मा ने कहा कि वे इस महत्वपूर्ण दायित्व को "न्यू इंडिया" की वैश्विक भूमिका को और सशक्त बनाने के अवसर के रूप में देखती हैं।

# चरखी दादरी में गणित का पेपर आउट होने पर केस दर्ज

- पेपर अधिकारियों के पास पहुंचा तो क्यूआर कोड स्कैन कर लीक करने वाले परीक्षार्थियों को तलाशा, प्रदेश में नकल के 10 केस पकड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा संचालित सेकेंडरी शैक्षिक/मुक्त विद्यालय गणित विषय की परीक्षा का प्रश्न-पत्र 1 बजकर 56 मिनट पर आउट हो गया। यह प्रश्नपत्र अधिकारियों के व्हाट्सएप नंबर पर भी आया तो प्रशासिनक अमला एक्शन में आ गया। प्रश्नपत्रों पर अल्फा न्यूमेरिक कोड, क्यूआर कोड एवं हिडन सिक्योरिटी फीचर के माध्यम से ट्रेस आउट किया और पता लगाया कि पेपर जिला चरखी दादरी के राजकीय कन्या वमा विद्यालय रानीला-दो परीक्षा केंद्र के कमरा नंबर दो व तीन से आउट किया गया था। जिलाधीश चरखी दादरी ने बताया कि रानीला परीक्षा केन्द्र पर पेपर आउट करने वाले परीक्षार्थियों व पर्यवेक्षकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई गई है। इसके अतिरिक्त संबंधित स्टाफ के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई के लिए शिक्षा विभाग को लिखकर भेजा गया है।



**भिवानी।** परीक्षार्थियों की जांच करते एसडीएम।

बोर्ड अध्यक्ष डॉ. पवन कुमार ने बताया कि बोर्ड परीक्षा की प्राप्त रिपोर्ट अनुसार अनुचित साधन के 10 केस दर्ज हुए, जिसमें करनाल में एक, रोहतक में दो, सोनीपत में दो, पलवल में एक, नूंह में एक एवं चरखी दादरी के तीन केस शामिल हैं।

#### कोताही पर ड्यूटी से रिलीव किया

बोर्ड अध्यक्ष डॉ. पवन कुमार ने बताया कि प्रदेशभर में गुरुवार को गणित विषय की परीक्षा में 1372 परीक्षा केन्द्रों पर 2,89,003 परीक्षार्थी एवं डीएलएड प्रथम वर्ष रि-अपीयर की परीक्षा में 980 छात्र-अध्यापक भी प्रविष्ठ हुए। उन्होंने बताया कि अध्यक्ष विशेष उड़नदस्ता-दो ने नारनौल के परीक्षा केन्द्र रावमा विद्यालय कोरियावास पर नियुक्त पर्यवेक्षक अनिल कुमार जेबीटी राजकीय प्राथमिक पाठशाला कोरियावास को उसी स्कूल का होने के कारण कार्यभार मुक्त कर दिया। कंट्रोल रूम भिवानी से संचालित आरएएफ-14 द्वारा परीक्षा केन्द्र रावमा विद्यालय बनवासा सोनीपत पर तैनात पर्यवेक्षक राजेश, पीजीटी, एमएसपीएस रिढ़ाना को ड्यूटी में कोताही बरतने के कारण कार्यभार मुक्त किया गया।




10 YEAR WARRANTY | BAJAJ SECURE • AMC • ROAD SIDE ASSISTANCE | 72198 21111 | SHRIRAM Finance | IDFC FIRST Bank ALWAYS YOU FIRST | BAJAJ AUTO CREDIT | L&T Finance | TATA CAPITAL Two Wheeler Loans

*नियम और शर्तें लागू. बचत 28 फरवरी 2026 तक लागू है. दर्शाई गई कुल सेविंग्स का तात्पर्य है कैशबैक से प्राप्त बचत की कुल राशि, ज़ीरो प्रोसेसिंग फ़ीस और 5 फ्री सर्विसेस (3 स्टैंडर्ड फ्री सर्विसेस और 2 अतिरिक्त फ्री सर्विसेस). फ्री सर्विस की बचत, शेड्यूल्ड लेबर चार्जेस के लिए है. लागू ऑफ़र्स, मॉडल्स/राज्यों के अनुसार बदल सकते हैं. शून्य पीएफ़ पर सेविंग्स, फ़ायनान्सर पर निर्भर करते हुए लोकेशन्स के अनुसार बदल सकती हैं. फ़ायनान्स उपलब्ध है फ़ायनान्सर के अपने स्व–निर्णय पर. स्टंट्स, एक्सपर्ट्स द्वारा प्रोफ़ेशनल सुपरविज़न के तहत, आम जनता या आम रास्तों से हट कर नियंत्रित और बंद सीमित वातावरण में किए गए हैं. कृपया इन स्टंट्स की नक़ल करने का प्रयास न करें और हर समय ट्रैफ़िक तथा सुरक्षा नियमों का पालन करें. पल्सर 125 ऑफ़र नेयॉन और कार्बन फ़ाइबर मॉडल्स पर.

**Authorised Dealers for Bajaj Auto Ltd.: Gohana:** Mahadev BAJAJ 8222949408 • **Panipat:** SUVIDHA BAJAJ 9812058111, 9812500103 • **Kaithal:** Shikha BAJAJ 9812392111/9812397111• **Assandh:** BALHARA BAJAJ 8059940113, 8059940114 • **Rohtak:** ANSH BAJAJ 9254211102 • **Jhajjar:** ANSH BAJAJ 7015152566: ANSH BAJAJ 9254211104 • **Bahadurgarh:** BABA BAJAJ 9215455501/03 • **Faridabad: NIT,Railway Road:-** GREEN BAJAJ 0129 -4036666, 9891020209 **Old Faridabad Chowk 80764 05186; Bata Chowk 9873660066 ,Neharpar/ Kheri 9958273030, Pyali Chowk/Dabua - 99582 82112 • Gurgaon: JSB Bajaj :New Rly. Road: 7827786356; Sector 14 : 8882212365; Chakarpur: 8860099986; Manesar 7827786362: Pataudi 7827786354; ; Khandsa Road: 9355979205, Islampur : 9355979216; Sohna Road: 9355908502, 7838774480; Basai: 9218039153; Badshahpur: 9218039152; Wazirabad: 9355908530; Sec 18: 8860099943; Rewari: JSB Bajaj: Rewari - Delhi Rd 8295823621/9024761376 Nuh: Near bus Stand : Vidya Bajaj: 9350961708, 9350963537, 9485900072 • Sohna Road: 9355908502, 7838774480; Basai: 9218039153;. Ambala City:** GOYAL BAJAJ 9781111000• **Ambala Cantt:** Goyal Bajaj 9053016401 • **KARNAL: VEER BAJAJ 7419646451• KURUKSHETRA: VEER BAJAJ 7419646472• Pehowa:** RAJINDERA BAJAJ 9729670800• **Jagadhri:** KRISHNA BAJAJ 9812031611 • **Yamuna Nagar:** KRISHNA BAJAJ 9813445102 • **Panchkula:** PANCHKULA BAJAJ 9115520031, 0172 - 5064356. • **Hansi:** BALHARA BAJAJ: 9468244600, 9416265833 • **Sirsa:** RAJA BAJAJ 9996027379 • **Bhiwani:** SHREE SHYAM BAJAJ 9518801045 • **Charki Dadri:** BALHARA BAJAJ 7419977199, 9813201900 • **Fatehabad:** FATEHABAD BAJAJ 9017688012, 972869006 • Jind: BANSAL BAJAJ 9138215480 • **Narnaul:** RR BAJAJ 9466320249 • **Ballabgarh:** ARORA BAJAJ BALLABGARH: 7503000974/75 GAUNCHHI: 9069111729 VILL. TIGAON: 9873000517 •**Palwal: VIDYA BAJAJ 9416636037, 9485900036, 9315332830**.

## योजनाओं के वर्गीकरण के लिए संशोधित रूपरेखा जारी

# सेबी ने म्यूचुअल फंड वर्गीकरण नियम में किया सुधार, 'लाइफ साइकल फंड' पेश

### एकरूपता व निवेशक संरक्षण बढ़ाने खुलासा मानदंड सख्त किए

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

बाजार नियामक सेबी ने बृहस्पतिवार को म्यूचुअल फंड योजनाओं के वर्गीकरण के लिए एक संशोधित रूपरेखा जारी की। इसके तहत 'लाइफ साइकल फंड' को शामिल किया गया है, समाधान उन्मुख योजनाओं की श्रेणी को समाप्त किया गया है और एकरूपता और निवेशक संरक्षण को बढ़ाने के लिए खुलासा मानदंडों को सख्त किया गया है। यह कदम, योजनाओं के नाम में बढ़ा-चढ़ाकर किए गए रिटर्न दावों पर अंकुश लगाने और 'नाम के अनुरूप' स्थिति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उठाया गया है। सेबी म्यूचुअल फंड के बदलते परिदृश्य और विभिन्न परिसंपत्ति वर्गों में उभरते अवसरों के अनुरूप नियामकीय रूपरेखा बनाने का प्रयास कर रहा है।

**समाधान उन्मुख योजनाओं की श्रेणी को समाप्त किया गया**

#### योजनाओं को पांच श्रेणियों में रखा गया

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने अपने परिपत्र में योजनाओं को मोटे तौर पर पांच श्रेणियों... इक्विटी, ऋण (बॉन्ड), हाइब्रिड, लाइफ साइकल और अन्य योजनाएं-फंड ऑफ फंड्स योजनाएं और इंडेक्स फंड या ईटीएफ (एक्सचेंज ट्रेडेड फंड) जैसी पैसिव योजनाओं...में वर्गीकृत किया है।



#### निर्धारित प्रारूप का सख्ती से पालन करना होगा

पेशकश दस्तावेजों और विज्ञापनों में 'योजना के प्रकार' के विवरण में सेबी के निर्धारित प्रारूप का सख्ती से पालन करना चाहिए। चॉइस वेल्थ के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) निकुंज सर्राफ ने कहा कि सेबी के नए वर्गीकरण नियम खुदरा निवेशकों के लिए लगातार जटिल होते जा रहे इस उद्योग को सरल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

#### योजनाओं में दोहराव कम होगा

सराफ ने कहा, ''इक्विटी, डेट (बॉन्ड), हाइब्रिड और समाधान-उन्मुख फंड में श्रेणियों को स्पष्ट रूप से परिभाषित करके और एक समान परिसंपत्ति आवंटन सीमाएं निर्धारित करके, नियामक यह सुनिश्चित कर रहा है कि योजनाएं वास्तव में अपने दावों को प्रतिबिंबित करें। इससे दोहराव कम होता है, तुलनात्मक स्थिति बेहतर होती है और उत्पाद की स्थिति में आवश्यक पारदर्शिता आती है।''

#### योजनाओं की पहचान होगी आसान

सेबी ने कहा, ''योजना का नाम योजना श्रेणी के अनुरूप होगा। इसका मकसद निवेशकों के लिए योजनाओं की पहचान को आसान बनाना और म्यूचुअल फंड में एक विशेष श्रेणी की योजनाओं के नामों में एकरूपता लाना है।'' बाजार नियामक ने कहा, ''योजना के नाम में ऐसे शब्दों/वाक्यांशों का प्रयोग नहीं किया जाएगा जो केवल योजना के प्रतिफल पहलू को बताते हों।''

#### योजनाओं में अनिवार्य पांच साल की लॉक-इन अवधि होगी

समाधान-उन्मुख म्यूचुअल फंड योजना विशेषीकृत, दीर्घकालिक निवेश साधन हैं जो सेवानिवृत्ति या बच्चों की शिक्षा जैसे विशिष्ट लक्ष्यों के लिए तैयार किए गए हैं। इन योजनाओं में अनिवार्य पांच साल की 'लॉक-इन' अवधि होती है।

#### विदेशी प्रतिभूतियों को अलग वर्ग में नहीं माना जाएगा

सेबी ने कहा कि विदेशी प्रतिभूतियों को अब एक अलग परिसंपत्ति वर्ग के रूप में नहीं माना जाएगा। साथ ही, नियामक ने पूर्व-निर्धारित परिपक्वता और लक्ष्य-आधारित निवेश के लिए 'ग्लाइड पाथ' रणनीति के साथ ओपन-एंडेड योजनाओं के रूप में 'लाइफ साइकल फंड' की शुरुआत की है।

## चांदी 2000 रुपये चढ़ी सोना 1,000 रुपये टूटा

नई दिल्ली(एजेंसी)। कमजोर वैश्विक रुख और कारोबारियों की मुनाफावसूली के कारण राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बृहस्पतिवार को चांदी की कीमत 2,000 रुपये घटकर 2.68 लाख रुपये प्रति किलोग्राम रह गई, जबकि सोना 1,000 रुपये के नुकसान के साथ 1.63 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, चांदी लगभग तीन प्रतिशत घटकर 2,68,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) रह गई। इसका पिछला बंद स्तर 2,66,500 रुपये प्रति किलोग्राम था। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,000 रुपये या लगभग एक प्रतिशत घटकर 1,63,900 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी कर मिलाकर) रह गया। पिछले बाजार सत्र में यह 1,64,900 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। कारोबारियों ने कहा कि यह गिरावट मुख्य रूप से अंतरराष्ट्रीय बाजार में कमजोरी के रुख और सप्ताह की शुरुआत में कीमतों के तीन हफ्ते के उच्च स्तर पर पहुंचने के बाद हल्की मुनाफावसूली की वजह से हुई।

### सेंसेक्स 27 अंक गिरा, निफ्टी में 14 अंक की बढ़त

## उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में शेयर बाजार स्थिर रुख के साथ बंद

एजेंसी ▸▸ मुंबई

वैश्विक संकेतों के बीच उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में बृहस्पतिवार को स्थानीय शेयर बाजार लगभग स्थिर रुख के साथ बंद हुए। सेंसेक्स में 27 अंक की गिरावट रही जबकि निफ्टी में 14 अंक की बढ़त दर्ज की गई। कारोबारियों ने कहा कि एचडीएफसी बैंक एवं कुछ अन्य प्रमुख कंपनियों के शेयरों में बिकवाली से सूचकांकों पर दबाव बना। इसके अलावा अमेरिका-ईरान वार्ता के पहले निवेशकों ने सतर्कता भी दिखाई।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 27.46 अंक यानी 0.03 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 82,248.61 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स ने 82,579.16 अंक के ऊपरी और 81,970.47 अंक के निचले स्तर को छुआ। इस तरह सूचकांक में 608.69 अंक का उतार-चढ़ाव दर्ज किया गया। वहीं, निफ्टी 14.05 अंक बढ़कर 25,496.55 अंक पर पहुंच गया। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''वैश्विक बाजारों से मिले मिले-जुले संकेतों और अमेरिका में बेरोजगारी दावों एवं भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर के आंकड़े आने से पहले निवेशकों ने सतर्क रुख अपनाया।''

**NOTICE INVITING LABOUR QUOTATION**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जिला परिषद, रोहतक की सदन की बैठक दिनांक 17.11.2025 में विकास कार्य क्रियान्वित करवाने के लिए सदन द्वारा सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया था। उक्त विकास कार्य हेतु निर्धारित शर्तों के अनुसार सीलबंद लेबर कोटेशन आमंत्रित किए जाते हैं। इच्छुक फर्म अपने सीलबंद कोटेशन किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 26.02.2026 से 13.03.2026 तक प्रातः 09:00 बजे से सायः 05:00 बजे तक कार्यालय जिला परिषद, रोहतक के कमरा नं 003 में रखे गए निर्धारित कोटेशन बक्से में जमा करवा सकते हैं। कोटेशन बक्सा कमरा नं. 003 (भूतल), जिला परिषद, रोहतक में रखा जाएगा। दिनांक 16.03.2026 को प्रातः 10:30 बजे जिला परिषद रोहतक में गठित कमेटी के समक्ष बक्सा खोला जाएगा।

पीआरडीएच-1028/11/186/2026/43372/88/6 दि. 26.02.26

**COURT NOTICE**
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF
**Dhiraj Yadav**
Civil Judge (Senior Division),
**DILBAG SINGH S/O GOPI RAM**
**Vs.**
**1. SATPAL S/O RAMKISHAN**
CNR No. HRJRA0-000738-2025
CIS-CS/377/2025
Next Date : 23.03.2026

**PUBLICATION ISSUED TO :-**
**1. Satpal 2. Rambhul 3. Jaipal Ss/O Ram Kishan S/o Jawala 4. Asha Devi Wd/o Deepak Singh S/o Pahlad Singh :-**
**All R/ Village Lihat, Tehsil Badli, Distt. Jhajjar**

In above titled case, the defendant(s)/respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s) / respondent(s) should appear in person or through counsel on **23.03.2026 at 10:00 a.m.**
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?mod=district_notice&district=Jhajjar*
Sd/- Dhiraj Yadav Civil Judge (Senior Division), Bahadurgarh
Dated, this day of 25.02.2026

## एजीआर और रेवेन्यू शेयर में जियो अव्वल

**नई दिल्ली।** टेलीकॉम सेक्टर पर आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज और सीएलएसए की ताजा रिपोर्ट में रिलायंस जियो की बढ़त साफ तौर पर उभरकर सामने आई है। तीसरी तिमाही में इंडस्ट्री के एडजस्टेड ग्रॉस रेवेन्यू (एजीआर) और रेवेन्यू शेयर दोनों मोर्चों पर जियो ने प्रतिस्पर्धियों के मुकाबले बेहतर प्रदर्शन किया है। आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज के मुताबिक, तीसरी तिमाही में तीनो प्राइवेट प्लेयर्स यानी जियो, एयरटेल और वोडाफोन आइडिया को मिलाकर, एजीआर 2.9% तिमाही दर तिमाही और 8.9% सालाना बढ़कर 720 अरब रुपये पर पहुंच गया। इस दौरान रिलायंस जियो का एजीआर 321 अरब रुपये रहा, जो 3.9% तिमाही दर तिमाही और 11.2% सालान की वृद्धि दर्शाता है।

## साइंस फिएस्टा 2026 : नवाचार, अनुसंधान और युवा प्रतिभा का उत्सव का आयोजन




**नई दिल्ली।** साइंस फिएस्टा 2026 का सफल आयोजन 25 फरवरी 2026 को स्कूल ऑफ बेसिक एंड एप्लाइड साइंसेज द्वारा डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम साइंस क्लब के सहयोग से किया गया। यह कार्यक्रम वैज्ञानिक नवाचार, रचनात्मकता एवं बौद्धिक आदान-प्रदान का एक जीवंत उत्सव सिद्ध हुआ। इस कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. ऋषि रंजन कुमार, डॉ. दिव्यांशी मंगल (संयोजक, डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम साइंस क्लब), डॉ. सुजाता कुमारी एवं डॉ. नितीश यादव के मार्गदर्शन में अत्यंत कुशलतापूर्वक किया गया। उनके समर्पित प्रयासों से कार्यक्रम भव्य एवं सफल रहा। इस फिएस्टा में 100 से अधिक प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिनमें गुरुग्राम विश्वविद्यालय, केआईआईटी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी तथा एसजीटी यूनिवर्सिटी जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों के छात्र शामिल थे। इस सहभागिता ने अंतर-संस्थागत शैक्षणिक सहयोग एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा दिया।

## एसबीआई म्यूचुअल फंड, बंधन बैंक में खरीदेगा हिस्सेदारी

**कोलकाता।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने एसबीआई म्यूचुअल फंड के बंधन बैंक में 9.99 प्रतिशत तक हिस्सेदारी खरीदने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। बंधन बैंक ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजारों को दी सूचना में बताया कि आरबीआई ने 25 फरवरी, 2026 के पत्र के माध्यम से एसबीआई म्यूचुअल फंड को बैंक की चुकता शेयर पूंजी या मतदान अधिकारों में अधिकतम 9.99 प्रतिशत तक हिस्सेदारी अधिग्रहीत करने की अनुमति प्रदान की है।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को इस नोटिस के द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे मुव्वकिल के द्वारा निम्न कृषि भूमि का बैयनामा प्रस्तावित है :–

5825

मनकि राजेन्द्र सिहं पुत्र धज्जाराम पुत्र खुखीराम उर्फ खुशीराम, निवासी एवं बिस्वेदार गांव बादली, तहसील बादली, जिला झज्जर (हरियाणा) में अराजी बरुवे इन्द्राज जमाबन्दी वर्ष 2023–24 व फर्द बदर न0 99, के अनुसार खेवट न0 951 / 808, खाता न0 986, मु0 न0 204, किला न0 13 / 2(4–8), किता 1, तादादी रकबा 4 कनाल 8 मरले (0.55 एकड़) सालम भाग, वाका रकबा मौजा बादली, तहसील बादली, जिला झज्जर का मालिक व काबिज है जिसको बैय किया जा रहा है। जिसका कब्जा उपरोक्त समस्त भूमि तादादी रकबा 4 कनाल 8 मरले (0.55 एकड़) पर दिया जा रहा है।

यदि कोई भी व्यक्ति जो उपरोक्त भूमि में मुखलफाना हक, स्वामित्व, कब्जा या अन्य कोई सम्बन्ध रखता है या किसी को इस बैय पर कोई ऐतराज है तो वह व्यक्ति उपरोक्त भूमि में अपने हक, दावे सम्बन्धी जरूरी दस्तावेजों व साक्ष्य सहित इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के 14 दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरित से सम्पर्क करे या भेजे, अन्यथा यह माना जायेगा कि कोई भी व्यक्ति उपरोक्त भूमि में कोई दावा, हक, स्वामित्व, कब्जा या किसी प्रकार का अन्य कोई सम्बन्ध नहीं रखता और मेरा मुव्वकिल उक्त अराजी के बैय से सम्बन्धित अग्रिम सभी कार्यवाही करेगा।

दिनांक : 26.02.2026

विनय कुमार सैनी
एडवोकेट,
द्वितीय तल, म0 नं0–285, सैक्टर–14,
गुरूग्राम – 122001
Mobile : 9810203697
E-mail : svkggn@yahoo.com

**कार्यालय, नगर पालिका परिषद् खरसिया**
**जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़)**

क्रमांक / 1752/न.पा.प./ लो.नि.वि/2025-26 खरसिया, दिनांक 26.02.2026

**।। ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा आमंत्रण सूचना ।।**

नगर पालिका खरसिया क्षेत्रांतर्गत वार्ड क्रमांक 18 में डॉ.बी.आर. अम्बेडकर सर्वसमाज मांगलिक भवन निर्माण कार्य राशि 198.87 लाख हेतु ऑनलाईन निविदा (System Tender No. 186397) आमंत्रित की जाती है।

विस्तृत निविदा सूचना छ.ग. शासन के ई-प्रोक्योरमेन्ट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in एवं विभागीय वेबसाईट https://uad.cg.gov.in में देखा एवं डाउनलोड की जा सकता है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद खरसिया

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## सेडेमैक का आईपीओ चार मार्च को खुलेगा



**नई दिल्ली।** पावरट्रेन कंट्रोल और मोटर वाहन कलपुर्जे बनाने वाली कंपनी सेडेमैक मेकाट्रॉनिक्स लिमिटेड का 1,087 करोड़ रुपये का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) चार मार्च को खुलेगा। कंपनी ने बृहस्पतिवार को बयान में कहा कि आईपीओ के लिए मूल्य दायरा 1,287-1,352 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है। ऊपरी सीमा पर कंपनी का मूल्यांकन करीब 6,000 करोड़ रुपये आंका गया है। यह निर्गम चार मार्च को खुलेगा और छह मार्च को बंद होगा। बड़े (एंकर) निवेशक दो मार्च को बोली लगा पाएंगे। आईपीओ में कोई नया निर्गम शामिल नहीं है। यह पूरी तरह से बिक्री पेशकश (ओएफएस) पर आधारित है जिसमें प्रवर्तक मनीष शर्मा और अश्विनी अमित दीक्षित सहित अन्य निवेशक कुल 80,43,300 शेयर बेचेंगे।

**प्रेस विज्ञपति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय, सुनारियां, रोहतक में लोयर स्कूल कोर्स-2023 दिनांक 16.02.2026 से 25.06.2026 तक लगभग 1400 पुलिस प्रशिक्षणार्थियों हेतू पुलिस प्रशिक्षण चलाया जा रहा है। इन प्रशिक्षणार्थियों को उनके उक्त कोर्स के लिए टी-शर्ट एवं लोअर की आवश्यकता है। जिसके लिए दिनांक 02.03.2026 को समय 11.00 बजे प्रातः पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय, सुनारियां में खुली निविदा के माध्यम से पुलिस जवानों के लिए लोअर-टी शर्ट कम रेट एवं अच्छी क्वालिटी में विक्रय हेतू सभी सम्बन्धित को आमंत्रित किया जाता है।

जिस ठेकेदार / व्यापारी का सामान अर्थात लोयर-टी शर्ट अच्छी क्वालिटी में एवं कम से कम रेट में होगी, की पुलिस प्रशिक्षणार्थियों की उपस्थिति में खुले तौर पर खरीद की जाएगी । इस खुले तौर पर लोअर - टी. शर्ट की विक्रय के लिए आप सभी सम्बन्धित विक्रेताओं / सम्बन्धित ठेकेदारों एवं सम्बन्धित व्यापारियों को आमंत्रित किया जाता है । इस कार्य के लिए पुलिस विभाग, पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय, सुनारियां की ओर से निम्नलिखित सदस्यों पर आधारित कमेटी का गठन किया गया है :-

1. श्री कुलबीर सिंह, ह.पु. से., उपाधीक्षक पुलिस आउट डोर, पी.टी.सी. सुनारियां।
2. श्री हरदीप सिंह, ह.पु.से., उपाधीक्षक पुलिस, इन्डोर पी.टी.सी. सुनारियां।
3. मुख्य विधि प्रशिक्षक, पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय, सुनारियां।
4. मुख्य कवायद प्रशिक्षक, पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय, सुनारियां।
5. प्रबन्धक पुलिस लाईन, पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय, सुनारियां।

पीआरडीएच-1084/11/4516/2026/43363/88/6 दि. 26.02.26

**हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद**
**जिला शाखा : रेवाड़ी**

**सार्वजनिक सूचना**

तहसील परिसर, रेवाड़ी में फोटो स्टेट दुकान (तहसील संबन्धित कार्य) को किराये पर देने के लिए खुली बोली दिनांक 02.03.2026 को साँय 4.00 बजे बाल भवन, रेवाड़ी में होगी। दुकान की बोली 31460/- रूपये मासिक किराया जीएसटी अलग से शुरू की जायेगी। इच्छुक व्यक्ति अपना आवेदन दिनांक 02.03.2026 को प्रातः 11.00 बजे तक बाल भवन, मॉडल टाऊन, रेवाड़ी कार्यालय में 20000/- रूपये अमानत राशि के बैंक ड्राफ्ट (जिला बाल कल्याण परिषद, रेवाड़ी के नाम से) के साथ जमा करवाकर भाग ले सकता है। नियम एवं शर्ते कार्यालय website:wwwdccwrewari.com पर उपलब्ध है।

हस्ता/- जिला बाल कल्याण अधिकारी
रेवाड़ी।


## राशिफल


**मेष** – कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मानसिक शान्ति रहेगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी।


**वृष** – कार्यक्षेत्र में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। माता के स्वास्थ्य में सुधार होगा। धन आगमन की स्थितियां बनी रहेंगी।


**मिथुन** – आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। अति उत्साही होने से बचें। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ेगी, लेकिन स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। वाणी के प्रभाव में वृद्धि होगी।


**कर्क** – अनियोजित खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी।


**सिंह** – कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद की स्थिति बन सकती है। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है।


**कन्या** – कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। आय की स्थिति में सुधार होगा। संयत रहें। क्रोध के क्रोध से परेशान रहेंगे। भागदौड़ अधिक रहेगी।


**तुला** – दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। नौकरी में तरक्की मिल सकती है।


**वृश्चिक** – आय में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। मन में नकारात्मकता के प्रभाव से बचें। संतान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।


**धनु** – कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। भागदौड़ अधिक रहेगी। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। पठन-पाठन में रुचि रहेगी।


**मकर** – वाणी में सौम्यता रहेगी। नकारात्मक विचारों के प्रभाव से बचें। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।


**कुंभ** – स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। नौकरी में अफसरों से मतभेद हो सकते हैं। मन प्रसन्न रहेगा। संयत रहें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार में सुधार होगा।


**मीन** – शैक्षिक कार्यों के लिए वदिश यात्रा पर जाना हो सकता है। मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा।

## बीमा कंपनियां ग्राहक जोड़ने की लागत कम करे : इरडा

**कोलकाता।** बीमा उद्योग को अपनी लाभप्रदता बढ़ाने और उत्पादों को अधिक किफायती बनाने के लिए ग्राहक जोड़ने की लागत एवं प्रबंधन व्यय पर नियंत्रण करना होगा। बीमा नियामक इरडा के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह बात कही। भारतीय बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण (इरडा) के सदस्य (गैर-जीवन) दीपक सूद ने उद्योग मंडल भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के एक कार्यक्रम में कहा कि ऊंची वितरण एवं प्रशासनिक लागत ने बीमा क्षेत्र को कम पैठ, अधिक लागत के चक्र में फंसा दिया है, जिससे कवरेज का विस्तार सीमित हो रहा है। उन्होंने कहा, ग्राहक जोड़ने की ऊंची लागत और प्रबंधन व्यय पर सभी कंपनियों को तत्काल ध्यान देना होगा।

## होली पर दिल्ली क्षेत्र में पार्सल यातायात पर प्रतिबंध

**नई दिल्ली।** सर्वसंबंधित को सूचित किया जाता है कि आगामी होली पर्व के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त संख्या को ध्यान में रखते हुए नई दिल्ली रेलवे स्टेशन तथा आनन्द विहार (ट.) रेलवे स्टेशन से प्रस्थान करने वाली ट्रेनों में सभी प्रकार की पार्सल बुकिंग (आउटवर्ड लीज्ड एसएलआर/आउटवर्ड रेलवे पार्सल बुकिंग सहित) पर अस्थायी प्रतिबंध लगाया जाता है। यह प्रतिबंध दिनांक 01.03.2026 से 03.03.2026 तक प्रभावी रहेगा। यह प्रतिबंध निम्नलिखित प्लेटफार्मों से प्रस्थान करने वाली ट्रेनों पर लागू होगा: नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या 6/7, 8/9 एवं 14/15 आनन्द विहार (ट.) के प्लेटफार्म संख्या 2/3 साथ ही अन्य मण्डलों से चलकर इन प्लेटफार्मों पर लोडिंग/अनलोडिंग के लिए रुकने वाली गुजरने वाली ट्रेनों पर भी उक्त अवधि में प्रतिबंध लागू रहेगा।

**हरियाणा सरकार** **निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय खानपुर कलां (सोनीपत), हरियाणा | बीपीएसएमवी, खानपुर कलां के लिए यूनिवर्सिटी सेंट्रल स्टोर हेतु स्टेशनरी मदों की खरीद/मुद्रण के लिए निविदा सूचना। | 25.02.2026 12.03.2026 | रु.5,58,750/- | https://etenders.hry.nic.in | 1263282346 |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/43387/1/88/6 दि. 26.02.26

**कार्यालय, नगर पंचायत खरोरा, जिला-रायपुर (छ.ग.)**
E-mail-npkharora@gmail.com

क्रमांक / 3143/न.पं./ लो.नि.वि./ 2025-26 खरोरा, दिनांक 25.02.2026

**// षष्ठम ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना //**

नगर पंचायत खरोरा द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| सिस्टम टेंडर क्रमांक | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | ऑनलाईन निविदा डाऊनलोड की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 186183 | Design, Construction, Testing, Commissioning of All The Components of Interception and Diversion Based Sewage Treatment Plant (STP) Work Including 05 Years of Operation and Maintenance of The Entire System in Nagar Panchayat kharora under SBM 2.0 (6 th Call) | 187.55 | 09-03-2026 (Time 9.00 PM) |

उपरोक्त निर्माण कार्य की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट http://uad.cg.gov.in से भी डाऊनलोड की जा सकती है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत खरोरा
जिला-रायपुर (छ.ग.)

## शब्द पहेली - 6151




**बाएँ से दाए-**
1.बेजोड़-4
4.परिचय,निशान-4
7.कला-3
9.सज्जनता,चरित्र, आदर्श-3
10.प्रथा,रिवाज-3
11.उपस्थिति-3
12.सेन्धमार-5
15.शयनागार,बेडरूम, आरामगाह-3,2
18.तड़के,सुबह सवेरे-5
20.चुगली करना-2,3
22.मैला,गंदा-3
23.रसद,आहर पदार्थ-3
25.प्रणाम,नमस्कार-3
26.तोलने का यंत्र, तकड़ी-3
27.स्थायी,प्राचीन-4
28.हुकूमत,राजगद्दी-4

**ऊपर से नीचे**
2.मुलाकात,मिलाप-3
3.खून से लथपथ-5
4.लालन-पालन-5
5.सेवक,नौकर,दास-3
6.धोखेबाज-4
8.समान,एक जैसा-4
13.पंकज,जलज-3
14.आघात,चोट-3
16.भरोसा,विश्वास-3
17.कुली,पालकी वाहक-3
18.जुर्म,गुनाह-4
19.स्वदेश वासी-5
20.शतपदी, कनखजूरा-5
21.अहमक, मूर्ख-4
24.स्नान करना-3
25.सम्मान, पगड़ी-3

**शब्द पहेली -6150 का हल**





हरियाणा सरकार

हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण



# हरियाणा सरकार ने ई-भूमि पोर्टल
**http://ebhoomi.jamabandi.nic.in**
के ज़रिए भू-मालिक की सहमति से 69 शहरों में लगभग

# 1.67 लाख एकड़ ज़मीन

खरीदकर आवासीय, वाणिज्यिक और संस्थागत क्षेत्र के विकास की योजना बनाई है।

DIGITAL HARYANA | डिजिटल हरियाणा पारदर्शी हरियाणा

## पहले चरण में 13 शहरों में लगभग
## 40,000 एकड़ ज़मीन खरीदी जा रही है।

**योजना की अंतिम तिथि**
**30 अप्रैल, 2026**



## खरीदी जाने वाली भूमि का विवरण निम्न प्रकार से है

| चिन्हित क्षेत्र / ज़िला / कस्बा | राजस्व गांव | क्षेत्रफल (एकड़ में) |
|---|---|---|
| गुरुग्राम | खेड़की दौला, कादीपुर, सिही, हरसरू, बसई, गाडौली, गाडौली कलां, गाडोली खुर्द, बेहरामपुर, उल्लाह्वास, कादरपुर, बादशापुर, टिकली, पलड़ा, खरकी, नौरंगपुर, मैदाबास, सिकन्दरपुर बढ़ा, लखनौला, हयातपुर, नवादा, फतेहपुर, वजीरपुर, काकरोला, मेवका, धनकोट, खेड़की, माजरा, दौलताबाद, धनवापुर, मोहम्मदहेड़ी, टीकमपुर, बाबूपुर, पवाला, खुसरुपुर, ढोरका | 17358.13 |
| पिंजौर-कालका | चंडी मंदिर | 3914.48 |
| कोट-बेहला | कोट, जसवंतगढ़, बिल्ला, बीड फिरोजड़ी, खंगेसरा, बीड़ बाबूपुर, दबकौरी, भानु | 2804.6 |
| लाडवा | डेरा, बन, लाडवा | 459.25 |
| घरौंडा | घरौंडा | 329 |
| अम्बाला | पट्टी शेखां, सिंघावाला, नसीरपुर, घसीटपुर, दुखेडी, बोहावा, शाहपुर, सलारहेडी, ब्राह्मण माजरा, करधान, घसीटपुर, दुखेडी, रांवला, सरसहेडी, चंदपुरा, सौण्ड़ा, सराये महमदूद, मटहेडी जटटान, शेखमाजरा, मछौंडा, उगाड़ा, कांवला, संभालखा, मंगलई | 3668 |
| नारायणगढ़ | मिलक, नारायणगढ़, रायपुर विरान, हुसैनी, कुलारपुर, नबीपुर | 512 |
| पिहोवा | सरस्वती खेड़ा, पिहोवा, मोरथली | 686.76 |
| फरीदाबाद | खेड़ी कलां, नचोली, ताजपुर, ढेकोला, शाहाबाद, ताजापुर, बदरपुर सैद, साहूपुरा, सोतई, सनपेड, मलेरना, जाजरू, भैंसरावली, फतुपुरा, भुआपुर, जसाना, फरीदपुर, सदपुरा, तिगांव | 4500 |
| होडल | भुलवाना, बंचारी और होडल | 1729.09 |
| हांसी | ढाणा, हांसी, शेखपुरा, ढाणी कुंदनपुर | 1494.78 |
| नरवाना | मोहल खेड़ा, डूमरखा कलां, नरवाना | 2171.92 |
| समालखा | समालखा, पावटी, भापरा | 498.96 |

**अधिक जानकारी के लिए**
ई-भूमि वेबसाइट पर जाएं
http://www.hsvphry.org.in

**अथवा संपर्क करें**

099909-43143, 072060-02193 (फरीदाबाद, होडल)

099960-74043, 094680-45455 (गुरुग्राम)

088608-37653 (हिसार, हांसी)

089300-01332 (पंचकूला, पिंजौर-कालका , कोट-बेहला)

098965-74775 (करनाल, घरौंडा)

086838-45145 (अम्बाला, नारायणगढ़)

099288-18564 (कुरुक्षेत्र, लाडवा, पिहोवा)

094163-15365 (जींद, नरवाना)

078385-41230 (समालखा)

अथवा
क्यू आर कोड
स्कैन करें

**समय सीमा -** उक्त क्षेत्रों के इच्छुक भू-मालिक/भू-संग्राहक ई-भूमि वेबसाइट ebhoomi.jamabandi.nic.in पर जा सकते हैं और उद्देश्य के लिए अपनी भूमि की पेशकश करने के लिए अपनी रुचि प्रस्तुत कर सकते हैं। भू-मालिक/ भू-संग्राहक से रुचि/ प्रस्ताव स्वीकार करने के लिए ई-भूमि पोर्टल 30.04 2026 (2 महीने) तक खुला है।

## CLEAR INTENT - TRANSPARENT MECHANISM

हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण
**हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण**
सी-3, एच.एस.वी.पी. कॉम्प्लेक्स, सेक्टर-6, पंचकूला-134109, हरियाणा
hsvphry.org.in. Hsvphry

## खबर संक्षेप

### जेएनयू में छात्रों का प्रदर्शन, वीसी इस्तीफा दें



**नई दिल्ली।** दिल्ली में जवाहरलाल नेहरू विश्व विद्यालय के छात्रों ने वीसी शांतिश्री डी पंडित के खिलाफ प्रदर्शन किया और उनके इस्तीफे की मांग की है। कैंपस के आसपास कड़ी सुरक्षा कर दी गई है।दिल्ली पुलिस ने कुलपति शांतिश्री पंडित के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान जवाहरलाल नेहरू विवि के छात्रों को हिरासत में लिया गया है।

### सूरत की स्टील कंपनी में प्रदर्शन, डीसीपी घायल

**सूरत।** गुजरात के सूरत में हजीरा स्थित आर्सेलर मित्तल निप्पॉन स्टील कंपनी में गुरुवार सुबह हंगामा हो गया। वेतन वृद्धि की मांग को लेकर हड़ताल पर उतरे कर्मचारी अचानक बिफर गए। उन्होंने 10 से ज्यादा गाड़ियों मे आग लगा दी। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस टीम पर भी हमला कर दिया।

### एआई समिट बवाल को लेकर कांग्रेस पर जमकर भड़के संबित

# नेहरू ‘कंप्रोमाइज्ड चाचा’: पात्रा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भाजपा ने कांग्रेस और देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू पर तीखा हमला बोला। भाजपा सांसद संबित पात्रा ने गुरुवार को पूर्व प्रधानमंत्री नेहरू का कंप्रोमाइज्ड चाचा बताया। पात्रा ने कहा कि मैं बताता हूं कि असली समझौता किसने किया। इस सिलसिले में नेहरू का नाम सबसे पहले आता है। नेहरू के निजी सचिव रहे एमओ माथाई को लेकर कहा जाता था कि वे अमेरिकी एजेंट थे। 1960 के दशक में सोवियत खुफिया एजेंसी केजीबी के एजेंट प्रधानमंत्री कार्यालय तक पहुंच रखते थे। पात्रा ने कहा कि उस दौर में यह चर्चा आम थी कि विदेशी एजेंसियों को जो भी संवेदनशील दस्तावेज चाहिए होते थे, वे आसानी से मिल जाते थे। पात्रा ने दिल्ली में पत्रकारवार्ता में ये बातें कहीं। एआई समिट को बदनाम करने को कांग्रेस ने इन्फ्लुएंसर्स को पैसे दिए।

- उनकी सरकार में विदेशी एजेंसियों का प्रभाव था
- नेहरू के निजी सचिव मथाई कों अमेरिकी एजेंट तक कहा जाता था



#### तिब्बत और अक्साई चिन पर नेहरू की नीति

पात्रा ने दावा किया कि पंचशील समझौते के तहत तिब्बत को चीन को सौंपा गया। उन्होंने कहा कि नेहरू को आईबी ने सूचना दी थी कि चीन अक्साई चिन में सड़क बना रहा है, लेकिन नेहरू ने इसे पूरी तरह नजरअंदाज किया। उनका कहना था कि नेहरू चीन की मदद करने की कोशिश कर रहे थे। भाजपा सांसद संबित पात्रा ने कहा कि 1962 में भारत को चीन से हार के लिए नेहरू जिम्मेदार थे। उन्होंने अपनी रिश्तेदार, जनरल बीएम कौल, को चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ नियुक्त किया और फॉरवर्ड पॉलिसी अपनाई, जिससे देश को नुकसान हुआ। बड़ुबारी और पाकिस्तान को सौंपे गए क्षेत्रपात्रा ने आरोप लगाया कि नेहरू ने पश्चिम बंगाल सरकार को सूचित किए बिना बड़ुबारी क्षेत्र पाकिस्तान को दे दिया। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बावजूद नेहरू ने नौवें संविधान संशोधन के जरिए बड़ुबारी पाकिस्तान को सौंप दिया। उस समय किए गए समझौतों के कारण आज भारत को नुकसान भुगतना पड़ रहा है। सोशल मीडिया पर ऐसे पोस्ट और रील्स वायरल हो रहे हैं, जिनमें दावा किया जा रहा है कि कांग्रेस कार्यालय या वरिष्ठ नेताओं की ओर से एआई इम्पैक्ट समिट के खिलाफ पोस्ट या रील बनाने पर 25 हजार रुपये से लेकर 1.5 लाख रुपये तक देने के संदेश भेजे गए हैं।

#### राहुल ने पीएम पर फिर लगाया आरोप

### व्यापार समझौते के लिए अमेरिकी दबाव था



कन्नूर(भाषा)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एपस्टीन फाइलों का इस्तेमाल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धमकाने के लिए किया ताकि वह एक ऐसे व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर करें, जिससे भारतीय किसानों की 'बलि' दी जा सके। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष कन्नूर जिले के पेरावूर में एक किसान सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार इस आम सी बात को नहीं समझती कि किसान भारत की नींव हैं। राहुल ने कहा कि आईटी और अन्य क्षेत्रों के बारे में लंबे-लंबे भाषण दिए जाते हैं लेकिन नींव को मजबूत किए बिना कुछ भी नहीं बनाया जा सकता।

#### एआई समिट के दौरान प्रदर्शन

### कोर्ट ने पांच दिन पुलिस हिरासत के अनुरोध पर फैसला सुरक्षित रखा

**नई दिल्ली (भाषा)।** दिल्ली की एक अदालत ने 'एआई इम्पैक्ट समिट' के दौरान कमीज उतार कर प्रदर्शन करने के सिलसिले में शिमला से गिरफ्तार कर यहां लाए गए तीन आरोपियों की पांच दिन की पुलिस हिरासत के अनुरोध पर बृहस्पतिवार को फैसला सुरक्षित रख लिया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मृदुल गुप्ता जल्द ही आदेश पारित कर सकते हैं। आरोपियों को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच अदालत में पेश किया गया। पूर्व में गिरफ्तार किए गए दो अन्य आरोपी अजय कुमार और राजा गुर्जर को भी तीन दिन की रिमांड पूरी होने पर अदालत में पेश किया गया और पुलिस ने उनकी हिरासत पांच दिन बढ़ाने का अनुरोध किया है।

#### लेफ्टिनेंट जनरल की दो टूक

# अब पाक की परमाणु धमकी नहीं चलेगी



भाषा ▶▶| पठानकोट

पश्चिमी कमान के प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल मनोज कुमार कटियार ने बृहस्पतिवार को कहा कि सेना भविष्य की किसी भी आपात स्थिति के लिए पूरी तरह तैयार है और परमाणु धमकियों से नहीं डरेगी। सैन्य अधिकारी ने जोर देकर कहा कि भविष्य में होने वाले किसी भी संघर्ष का निर्णायक परिणाम जमीन पर ही निकलेगा। लेफ्टिनेंट जनरल कटियार ने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान पाकिस्तान ने परमाणु धमकियां देते हुए लगातार युद्धविराम की मांग की। पश्चिमी कमान के प्रमुख ने कहा कि उन्होंने (पाकिस्तानी सेना ने) कहा था कि अगर वे हारे, तो वे आधी दुनिया को

#### ऑपरेशन सिंदूर 2.0 की चेतावनी

अपने साथ ले जाएंगे। 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान हमने उनकी परमाणु धमकियों को नजरअंदाज कर दिया। इस बार, हम पहले की तुलना में बेहतर तरीके से तैयार हैं और हमारे पास भविष्य की एक स्पष्ट योजना है। उन्होंने यहां मामून सैन्य अड्डे के ध्यान सिंह स्टेडियम में अलंकरण समारोह के बाद सैनिकों को संबोधित करते हुए यह बात कही। कटियार ने पाक के सैन्य नेतृत्व पर आरोप लगाया कि वह अपनी जनता के बीच प्रासंगिक बने रहने के लिए भारत के साथ 'युद्ध जैसी स्थिति' को बढ़ावा दे रहा है।

#### हाईकोर्ट का सैनिकों के हक में दिया फैसला

# लाइफस्टाइल डिसऑर्डर बताकर दिव्यांगता पेंशन नहीं रोक सकते

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- सैन्य सेवा हर परिस्थिति में तनावपूर्ण




दिल्ली हाईकोर्ट ने गुरुवार को अहम फैसला सुनाते हुए कहा कि सशस्त्र बलों के कर्मियों की दिव्यांगता पेंशन को सिर्फ यह कहकर नहीं रोका जा सकता कि बीमारी ‘लाइफस्टाइल डिसऑर्डर’ है या वह पीस एरिया में तैनाती के दौरान हुई।

हाई कोर्ट ने कहा कि गैर-ऑपरेशनल क्षेत्रों में भी सैन्य सेवा तनावपूर्ण होती है और इससे गंभीर बीमारियां हो सकती हैं। बता दें कि सेना में ‘पीस पोस्टिंग’ का मतलब है कि सैनिक या अधिकारी की पोस्टिंग बॉर्डर पर नहीं बल्कि शांत और सुरक्षित शहरों या छावनियों में होती है। जस्टिस वी. कामेश्वर राव और जस्टिस मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा की डिवीजन बेंच ने आर्म्ड फोर्सेज ट्रिब्यूनल (एएफटी) के उस आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें वायुसेना के रिटायर्ड अधिकारी की दिव्यांग पेंशन याचिका खारिज कर दी गई थी। वे हाइपरटेंशन और कोरोनरी आर्टरी डिजीज से पीड़ित हैं। कोर्ट ने कहा कि यह मायने नहीं कि बीमारी फील्ड एरिया में हुई या पीस पोस्टिंग में। इस केस में रिलीज मेडिकल बोर्ड यह ठीक से नहीं बता सका कि अफसर की बीमारियां सेवा से जुड़ी नहीं थीं या सेवा के कारण नहीं बढ़ीं।

### अविमुक्तेश्वरानंद पर गिरफ्तारी की तलवार मेडिकल रिपोर्ट में यौन शोषण की पुष्टि

*प्रयागराज। नाबालिग बटुकों से यौन शोषण के आरोपों से घिरे स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद की मुश्किलें बढ़ने वाली हैं। पीड़ित नाबालिग बच्चों की मेडिकल रिपोर्ट में कुकर्म किए जाने की पुष्टि हुई है। बुधवार को ही पुलिस ने पीड़ित दोनों नाबालिग बच्चों का मेडिकल कराया था। हालांकि, शिकायतकर्ता आशुतोष ब्रह्मचारी ने भी मेडिकल में बच्चों के साथ कुकर्म की पुष्टि होने की बात कही थी। हालांकि, स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने गिरफ्तारी से बचने के लिए इलाहाबाद हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत की याचिका दाखिल की है, जिस पर जस्टिस जितेंद्र कुमार सिन्हा की सिंगल बेंच में शुक्रवार को सुनवाई होगी। ऐसे में पुलिस की ओर से अदालत में मेडिकल रिपोर्ट भी रखी जाएगी। मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर हाईकोर्ट से भी स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को बड़ा झटका लग सकता है। अगर उन्हें हाईकोर्ट से राहत नहीं मिली तो पुलिस कभी भी गिरफ्तार कर सकती है। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने कहा कि उन्होंने खुद के ऊपर प्राथमिकी दर्ज कराने वाले आशुतोष ब्रह्मचारी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। शंकराचार्य ने यहां संवाददाताओं से कहा कि उन्होंने पॉक्सो अधिनियम की धारा 22 के तहत आशुतोष ब्रह्मचारी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।*



अग्रिम जमानत याचिका पर आज सुनवाई


**उत्तर रेलवे**

**ई–नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की तरफ से वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे अंबाला छवानी द्वारा मण्डल के निम्नलिखित स्टेशनों पर ठेके आवंटित करने हेतु ई–नीलामी रेलवे वेब साइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से बोली आमंत्रित की जा रही है। आवंटित की जाने वाले ठेको का विवरण निम्नलिखित है।

| नीलामी काटलोग सं. | कार्य का विवरण | नीलामी तिथि व समय |
|---|---|---|
| UMB-Prkg-09-26 | अबोहर रेलवे स्टेशन पर कुल 2160.57 वर्ग मीटर क्षेत्रफल का व्यापक पार्किंग स्थल। | 06.03.26 12:00:00 |
| | साइट प्लान के अनुसार, जगाधरी वर्कशॉप रेलवे स्टेशन पर दोपहिया, तिपहिया और चार पहिया वाहनों के लिए 515.10 वर्ग मीटर का व्यापक पार्किंग स्थल बनाया गया है। | |
| | बठिंडा रेलवे स्टेशन के मुख्य मार्ग (परिसंचारी क्षेत्र) में दोपहिया, तिपहिया और चार पहिया वाहनों के लिए 1479 वर्ग मीटर का पार्किंग स्थल। | |
| | धरमपुर रेलवे स्टेशन पर दोपहिया और चार पहिया वाहनों के लिए 319.28 वर्ग मीटर क्षेत्रफल का पार्किंग स्थल। | |
| UMB-Prkg-10-26 | साइट प्लान के अनुसार, स्टेशन भवन के पास 507 वर्ग मीटर क्षेत्रफल वाला एक व्यापक पार्किंग स्थल और रामपुरा फूल (पुल) रेलवे स्टेशन के दूसरे प्रवेश द्वार पर 386.82 वर्ग मीटर क्षेत्रफल वाला एक दोपहिया वाहन पार्किंग स्थल बनाया जाएगा। | 12.03.26 15:00:00 |
| | बठिंडा रेलवे स्टेशन के दूसरे प्रवेश द्वार पर जीआरपी क्वार्टर के पास स्थित 1894.20 वर्ग मीटर क्षेत्रफल का व्यापक पार्किंग स्थल। (साइट प्लान के अनुसार) | |
| | तापा रेलवे स्टेशन के परिसर में स्थित 344.40 वर्ग मीटर क्षेत्रफल का एक व्यापक पार्किंग स्थल। (साइट प्लान के अनुसार) | |
| | मालेरकोटला रेलवे स्टेशन के परिसंचार क्षेत्र में 1757.128 वर्ग मीटर (साइट प्लान के अनुसार) के कुल क्षेत्रफल में फैले व्यापक पार्किंग स्थल का आवंटन । | |
| | मलोट रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में कुल 955.75 वर्ग मीटर क्षेत्रफल वाले व्यापक पार्किंग स्थल का आवंटन । | |
| | सहारनपुर में टी2 कॉलोनी पार्क के पास 1133 वर्ग मीटर क्षेत्रफल का विशाल पार्किंग स्थल। | |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 639/26



**न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) आर. एम. लोढा समिति (पी.ए.सी.एल. लि. के मामले में)**

**सार्वजनिक सूचना**

**ओडिशा खोर्डा/खोर्दा, हरियाणा महेंद्रगढ, फतेहाबाद में स्थित पी.ए.सी.एल. लि. की संपत्तियों की ई-नीलामी**

1. भारत के माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा सुब्रत भट्टाचार्य बनाम भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के मामले (सिविल अपील सं. 13301/2015) में तथा दूसरे संबंधित मामलों में, 2 फरवरी 2016 को पारित किए गए आदेश के तहत, पी.ए.सी.एल. लि. द्वारा खरीदी गई संपत्तियों की बिक्री करने के लिए, न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) आर.एम. लोढा की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया गया था, ताकि बिक्री से मिलने वाले पैसों (सेल प्रोसीड्स) से निवेशकों को भुगतान किया जा सके। उपरोक्त मामले में भारत के माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा पारित किए गए आदेश दिनांक 8 अगस्त, 2024 के अनुसार, इस समिति ने ओड़िशा खोर्डा/ खोर्दा, हरियाणा महेंद्रगढ, फतेहाबाद में स्थित पी.ए.सी.एल. लि की संपत्तियों की ई-नीलामी शुरू करने का निर्णय लिया है और तदनुसार “प्रस्ताव हेतु निवेदन” (आरएफपी) जारी किये है, जो इन लिंकों के अंतर्गत उपलब्ध हैः https://www.sebi.gov.in/notice-for-eoi-proposals.html, https://www.bankeauctions.com.
2. उपरोक्त संपत्तियों से संबंधित दस्तावेज इन लिंकों के अंतर्गत जाकर देखे जा सकते हैः https//:sebipaciproperties.com, https//:www.bankeauctions.com.
3. ई-नीलामी में भाग लेने से संबंधित ब्यौरे आरएफपी में दिए हुए हैं। आरएफपी से संबंधित मुख्य मुख्य तारीखें इस प्रकार हैः -

- आरएफपी के प्रकाशन की तारीख -27 फ़रवरी, 2026
- बोलियाँ इस तारीख से प्रस्तुत की जा सकती हैं -27 फ़रवरी, 2026
- बोली प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख और समय -06 अप्रैल, 2026 (17:00 बजे)
- इस तारीख से ई-नीलामी शुरू होगी -21 अप्रैल, 2026 (11:00 बजे)

**संबंधित शर्तेः**

➢ इन संपत्तियों की बिक्री “जहाँ है, जैसा है और जो भी है” के आधार पर की जाएगी और यदि इन संपत्तियों को लेकर कोई दावा किया जाता है या उन पर कोई देनदारी बकाया हो और/या उन पर कोई ऋणभार (इन्कम्ब्रेस) हो, तो उसकी जिम्मेदारी खरीदार की होगी।

➢ इस नोटिस में और इस निविदा संबंधी दस्तावेज के तहत जारी किए गए आरएफपी में संपत्तियों के जो ब्यौरे दिए गए हैं वे उसी प्रकार हैं जैसा विक्रेता को उपलब्ध कराया गया है और यदि किसी कारण से इन ब्यौरों में कोई भी बदलाव होता है, तो इसकी जिम्मेदारी न तो विक्रेता की होगी और और न ही एजेंसी की।

➢ यदि संपत्तियों / उनसे संबंधित हक विलेख (टाइटल डीड) में कुछ भी गड़बड़ी पाई जाती है, तो उसके लिए समिति किसी भी सूरत में जिम्मेदार नहीं होगी और बोली लगाने वालों से यह निवेदन है कि वे संपत्तियों से संबंधित हक विलेख (टाइटल डीड) की अच्छी तरह से छानबीन करने के बाद ही अपनी बोलीयाँ प्रस्तुत करें।

CBC 15204/11/0252/2526


### डिजिटल मंचों को ऑनलाइन सामग्री और बच्चों की सुरक्षा की जिम्मेदारी लेनी चाहिए : वैष्णव

**नई दिल्ली (भाषा)।** केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बृहस्पतिवार को इस बात पर जोर दिया कि डिजिटल मंचों को अपनी सामग्री की जिम्मेदारी लेनी चाहिए और बच्चों व नागरिकों की ऑनलाइन सुरक्षा सुनिश्चित करना उनका दायित्व है। वैष्णव ने यहां 'डिजिटल न्यूज पब्लिशर्स एसोसिएशन' के सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि मंचों को 'जागने' और उन संस्थानों में विश्वास को मजबूत करने के महत्व को समझने की जरूरत है, जिन्हें मानव समाज ने हजारों वर्षों में बनाया है। उन्होंने कहा कि मंचों को अपनी सामग्री की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। बच्चों की ऑनलाइन सुरक्षा, सभी नागरिकों की ऑनलाइन सुरक्षा मंचों की जिम्मेदारी है। केंद्रीय मंत्री ने चेतावनी दी कि इन सिद्धांतों का पालन न करने पर ये मंच जवाबदेह होंगे। उन्होंने कहा कि इंटरनेट का स्वरूप अब बदल चुका है। वैष्णव ने कृत्रिम मेधा (एआई) से बनी सामग्री के उपयोग को विनियमित करने की आवश्यकता पर भी बल दिया।



#### प्रधानमंत्री की बढ़ती लोकप्रियता

# मोदी के इंस्टाग्राम पर 10 करोड़ फॉलोअर

- ट्रम्प से दोगुने, दुनिया के पहले लीडर और पॉलिटिशियन बने
- दुनिया के पांच बड़े नेताओं के कुल फॉलोअर्स उनसे कम



भाषा ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'इंस्टाग्राम' पर 10 करोड़ फॉलोअर हो गए हैं और इसके साथ ही इस सोशल मीडिया मंच पर यह उपलब्धि हासिल करने वाले वह विश्व के पहले नेता बन गए हैं। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी 2014 में इंस्टाग्राम से जुड़े थे और पिछले एक दशक में उनका अकाउंट वैश्विक नेताओं के बीच सबसे अधिक सक्रिय डिजिटल मंच में से एक बन गया है। वैश्विक नेताओं में मोदी के 'इंस्टाग्राम' पर अब सबसे अधिक फॉलोअर हैं। सोशल मीडिया मंच पर उनके फॉलोअर की संख्या अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के फॉलोअर से दोगुनी से भी अधिक है। अधिकारियों ने बताया कि अगले पांच प्रमुख विश्व नेताओं के फॉलोअर की कुल संख्या भी मोदी के फॉलोअर की संख्या से कम है।

#### दूसरे स्थान पर उत्तर प्रदेश के सीएम योगी

भारत में भी फॉलोअर की संख्या के मामले में अंतर काफी बड़ा है, क्योंकि इंस्टाग्राम पर मोदी अन्य भारतीय नेताओं से काफी आगे हैं। उनके बाद दूसरे स्थान पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हैं जिनके लगभग 1.61 करोड़ फॉलोअर हैं, उनके बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी लगभग 1.26 करोड़ फॉलोअर के साथ तीसरे स्थान पर हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप 4.32 करोड़ फॉलोअर के साथ दूसरे स्थान पर हैं। ट्रंप के बाद इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो के 1.5 करोड़ फॉलोअर हैं, जबकि ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला डी सिल्वा के 1.44 करोड़ फॉलोअर हैं। इसके बाद तुर्किये के राष्ट्रपति रजब तैयब एर्दोआन का स्थान आता है जिनके 1.16 करोड़ फॉलोअर हैं जबकि अर्जेंटीना के राष्ट्रपति जेवियर मिलेई के 64 लाख फॉलोअर हैं। अधिकारियों ने कहा कि यह प्रधानमंत्री मोदी की बेजोड़ वैश्विक पहुंच और दुनिया भर के युवाओं के बीच उनकी लोकप्रियता को रेखांकित करता है।






“ मानसिक स्वास्थ्य हमारे समग्र कल्याण का एक बहुत ही महत्वपूर्ण हिस्सा है। आइए हम सब मिलकर ऐसा वातावरण बनाएँ, जहाँ मानसिक स्वास्थ्य पर बातचीत आम और सहज हो सके। ”

श्री नरेंद्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

NATIONAL INSTITUTE OF MENTAL HEALTH AND NEURO SCIENCES

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय
MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY WELFARE
सत्यमेव जयते

Tele MANAS 14416

# टेली मानस

## भारत का राष्ट्रीय टेली मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार की पहल

# क्या आप किसी मानसिक स्वास्थ्य समस्या से जूझ रहे हैं?

कभी भी, कहीं से भी टेली मानस के माध्यम से सहायता पाएं।
24/7, 20+ भाषाओं में, पूरे भारत में उपलब्ध।

## इन चिंताओं के लिए हमें कॉल करें:

- उदासी, चिंता या तनाव
- नींद की समस्या
- परीक्षा का तनाव
- परिवार से जुड़ी समस्याएँ
- आत्महत्या से जुड़े विचार
- नशे से संबंधित समस्याएँ
- रिश्तों में परेशानी
- याददाश्त से जुड़े मुद्दे
- पैसों की चिंता या अन्य मानसिक स्वास्थ्य समस्याएँ

CBC 17193/13/0006/2526

“ पिछले 3 वर्षों में हमने 30 लाख से अधिक कॉल्स में सहायता की है। ”

**टेली मानस ऐप डाउनलोड करें और स्व-देखभाल सामग्री तथा वेलनेस अभ्यास मॉड्यूल देखें।**




## टेली मानस को कॉल करें

24/7

# 14416

टोल-फ्री नंबर

- 10 क्षेत्रीय भाषाओं + अंग्रेज़ी और हिंदी में उपलब्ध।
- दिव्यांग उपयोगकर्ताओं के लिए एक्सेसिबिलिटी फीचर्स।
- मिलिए ‘अस्मी’ से आपके सवालों, जानकारी और सहायता के लिए आपका चैटबॉट।

**यहाँ स्कैन करें**

टेली मानस के बारे में और जानने व ऐप डाउनलोड करने के लिए!

## चिंतन

# रचनात्मक स्वतंत्रता व सामाजिक संवेदनशीलता के बीच हो संतुलन

केरल उच्च न्यायालय ने फिल्म 'केरला स्टोरी 2' की रिलीज पर रोक लगा दी और सेंसर बोर्ड को कहा है कि वह इसे दिए गए प्रमाणपत्र की पुनः समीक्षा करे। असल में फिल्मों के नाम व कथानक को लेकर भारत में विवाद कोई नया नहीं है। हाल ही में एक फिल्म घूसखोर पंडित के टाइटल पर भी तीखा विवाद हुआ था और निर्माता द्वारा नाम बदलने के बाद ही यह मामला शांत हुआ। शायद ही कोई कला माध्यम सिनेमा जितनी तीव्र सार्वजनिक बहस को जन्म देता हो। फिल्में केवल मनोरंजन नहीं करतीं, वे इतिहास की व्याख्या करती हैं, संस्कृति को आकार देती हैं और भावनात्मक प्रतिक्रियाएं भी उत्पन्न करती हैं। इसी कारण फिल्मों को लेकर विवाद इस माध्यम की प्रकृति का हिस्सा हैं। राजनीतिक, धार्मिक, क्षेत्रीय व जातीय विषयों वाली फिल्में अक्सर व्यापक सामाजिक तनावों का केंद्र बन जाती हैं। ताजा विवाद भी कुछ इसी तरह का है। मामले में याचिकाकर्ता का तर्क था कि फिल्म विभिन्न राज्यों की महिलाओं के बारे में है, जिन्हें कथित रूप से फुसलाकर धार्मिक परिवर्तन के लिए मजबूर किया जाता है, लेकिन फिल्म का शीर्षक केरला स्टोरी 2 है, जिससे कथित तौर पर जबरन धर्मांतरण के विषय को केरल राज्य से जोड़कर प्रस्तुत किया गया है। यह भी आरोप लगाया गया कि यह फिल्म कानून-व्यवस्था की स्थिति पैदा कर सकती है। यह फिल्म एक भ्रामक क्षेत्रीय संबंध स्थापित करती है और केरल के लोगों की गरिमा एवं प्रतिष्ठा को कमजोर करती है। देश में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता बहस का विषय रही है। इसे लेकर अनेक बार अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के पैरोकारों के बीच विरोधाभास भी देखने को मिला है। दरअसल, लोग अपनी सुविधा के हिसाब से इस स्वतंत्रता का पक्ष लेते रहे हैं। सिनेमा के क्षेत्र में ऐसा होना कोई अपवाद नहीं है। अधिकांश फिल्म विवादों के मूल में एक केंद्रीय मुद्दा होता है व्याख्या। एक फिल्मकार की दृष्टि अक्सर जनता की धारणा से टकरा जाती है। जब दर्शकों को लगता है कि किसी फिल्म में उनकी पहचान, इतिहास या मूल्यों का गलत चित्रण किया गया है तो विरोध स्वाभाविक हो जाता है। उदाहरण के तौर पर ऐतिहासिक विषय पर बनी फिल्म पद्मावत को रिलीज से पहले ही भारी विरोध का सामना करना पड़ा। यह विरोध फिल्म की वास्तविक सामग्री से अधिक सांस्कृतिक विकृति की आशंका पर आधारित था। यह प्रवृत्ति दर्शाती है कि आजकल विवाद अक्सर फिल्म देखने से पहले ही राजनीतिक और सामाजिक आशंकाओं के कारण खड़े हो जाते हैं। राजनीतिक विषयों पर आधारित फिल्में भी तीखी प्रतिक्रियाओं को जन्म देती हैं। द कश्मीर फाइल्स इसका प्रमुख उदाहरण है, जिसने भारत में गहन राष्ट्रीय बहस को जन्म दिया। समर्थकों ने इसे ऐतिहासिक पीड़ा का सशक्त चित्रण बताया, जबकि आलोचकों ने इसके कथानक और राजनीतिक दृष्टिकोण पर प्रश्न उठाए। इससे स्पष्ट होता है कि सिनेमा अब केवल कला का माध्यम नहीं, बल्कि वैचारिक विमर्श का मंच भी बन गया है। सोशल मीडिया ने इन विवादों को और अधिक तेज और व्यापक बना दिया है। सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन जैसी संस्थाओं का दायित्व रचनात्मक स्वतंत्रता और सामाजिक संवेदनशीलता के बीच संतुलन बनाना है, लेकिन उनके निर्णयों की अक्सर दोनों पक्षों से आलोचना होती है। कभी अधिक सख्ती के लिए तो कभी ढील देने के लिए। यह द्वंद्व हमारे समाज की जटिलता को दर्शाता है। हालांकि, कई बार ऐसे विवाद समाज में आवश्यक संवाद को जन्म देते हैं।



विश्लेषण
ऋतुपर्ण दवे

# क्या ट्रंप सबसे विवादित राष्ट्रपति कहलाएंगे

**डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका के राष्ट्रपति कम, कई बार राष्ट्रविद्रोही की भूमिका में ज्यादा नजर आने लगते हैं। वहां के सुप्रीम कोर्ट ने कानून की हद और जद में वो फैसला सुनाया, जो उनके खिलाफ था। मुख्य न्यायधीश जॉन रॉबर्ट्स द्वारा लिखे गए फैसले के कुछ घंटे बाद ट्रंप ने बौखलाहट भरी प्रतिक्रियाएं दीं कि टैरिफ पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला बेहद निराशाजनक है। कोर्ट के कुछ सदस्यों पर शर्म आ रही है, जो देश के लिए सही काम करने की हिम्मत नहीं कर पाए। निश्चित रूप इससे ट्रंप की साख गिरी है, न कि अमेरिकी सुप्रीम अदालत की। निश्चित रूप से ट्रंप की स्थिति बहुत मजाक वाली हो गई है, कहीं न कहीं वो हाशिए पर भी हैं।**

न्याय तो न्याय होता है फिर वो अपनों के लिए हो या गैरों के लिए। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को यह भी नागवार गुजरा, जब वहां के सुप्रीम कोर्ट ने कानून की हद और जद में वो फैसला सुनाया, जो उनके खिलाफ था। दरअसल अमेरिका में सुप्रीम कोर्ट में अदालतों की नियुक्ति वहां के राष्ट्रपति करते हैं जो कि आजीवन या जब तक जज सक्षम, स्वस्थ और सक्रिय रहें, तब तक के लिए होती है। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट में ट्रंप के पहले कार्यकाल के नियुक्त तीन जज थे। इनसे ट्रंप पूरे भरोसे में थे, इतने कि उन्हें अपनी जागीर समझ बैठे। फैसला उनके खिलाफ भला कैसे जाएगा? लेकिन वो ये भूल गए कि जजों ने न्याय करने की शपथ ली थी न कि ट्रंप के हितों की रक्षा की। फैसला आते ही उन्होंने जिन शब्दों में सुप्रीम कोर्ट और खिलाफ फैसला देने वाले जजों पर आरोप लगाए तो निश्चित रूप से अमेरिका की पूरी न्याय प्रणाली पर कटाक्ष था, जो बेहद निंदनीय है। इसी तरह हालिया भारत-पाक युद्ध को रोकने को लेकर अनगिनत बार एकतरफा बोलने वाले ट्रंप इस बार तो इतना कह गए कि यदि वो दोनों का परमाणु युद्ध नहीं रुकवाते तो पाकिस्तान के प्रधानमंत्री की हत्या हो जाती।

वाकई ट्रंप, ट्रंप ही हैं और वो अमेरिका के राष्ट्रपति कम, कई बार राष्ट्रविद्रोही की भूमिका में ज्यादा नजर आने लगते हैं। दुनिया भर में इस फैसले की चर्चा इसलिए भी हो रही है कि वहां के सुप्रीम कोर्ट ने बहुमत से इसे असंवैधानिक करार दिया। इसमें ट्रंप के नियुक्त जजों ने भी अहम भूमिका निभाई। 6-3 के बहुमत से ट्रंप टैरिफ को असंवैधानिक करार देते हुए 1977 के आईईईपीए कानून यानी 'अंतरराष्ट्रीय आपातकालीन आर्थिक शक्तियां अधिनियम' (इंटरनेशनल इमरजेंसी इकॉनामिक पॉवर ऐक्ट) का हवाला दिया। यह वो अमेरिकी कानून है जो राष्ट्रपति को राष्ट्रीय आपातकाल के दौरान विदेशी खतरों से निपटने के लिए आर्थिक लेनदेन, आयात-निर्यात और संपत्ति को विनियमित करने का अधिकार देता है। जबकि अमेरिका में ऐसी स्थिति नहीं है। बिना कांग्रेस की सहमति लिए जिद्दी ट्रंप ने दुनिया भर में मनमाने टैरिफ ठोंक दिए। इससे भारत भी अछूता नहीं रहा। फैसला आते ही कुछ देर में ट्रंप ने प्रेस कांफ्रेंस की, जिसमें फैसले की न केवल आलोचना की बल्कि विरोध में फैसला देने वाले खुद के नियुक्त जजों को जमकर कोसा, लताड़ा भी। कोर्ट पर मनमाने आरोप भी लगाए और कहा कि अदालत विदेशी हितों और ऐसे राजनीतिक आंदोलनों से प्रभावित है, जो लोगों की सोच से छोटे हैं। फैसले को अपने चुनाव परिणाम से जोड़ते हुए कहा कि मैं लाखों वोटों से जीता फिर भी धोखाधड़ी हुई, नहीं तो अंतर और बढ़ता बावजूद इसके भारी मतों से जीता। उन्होंने यहां तक कहा कि जो लोग बुरे, अनजान और शोर मचाने वाले हैं, वो चिल्लाकर बोलते हैं। ऐसा लगता है कि कुछ जज इससे डर गए और सही काम नहीं करना चाहते। जस्टिस गोरसच और जस्टिस बैरेट जो ट्रंप के द्वारा नियुक्त थे, ने भी खिलाफ में फैसला दिया, जबकि ब्रेट कैवनॉघ ट्रंप द्वारा नियुक्त वो जज थे, जिन्होंने पक्ष में फैसला सुनाया। मुख्य न्यायधीश जॉन रॉबर्ट्स द्वारा लिखे गए फैसले के कुछ घंटे बाद ट्रंप ने बौखलाहट भरी प्रतिक्रियाएं दीं कि टैरिफ पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला बेहद निराशाजनक है। कोर्ट के कुछ सदस्यों पर शर्म आ रही



है, जो देश के लिए सही काम करने की हिम्मत नहीं कर पाए। निश्चित रूप इससे ट्रंप की साख गिरी है, न कि अमेरिकी सुप्रीम अदालत की। मुख्य न्यायाधीश जॉन रॉबर्ट्स के साथ बहुमत में न्यायाधीश नील गोरसच और एमी कोनी बैरेट भी शामिल थे। इनकी नियुक्ति ट्रंप ने अपने पहले कार्यकाल में की थी। सहमति जताने वालों में न्यायाधीश क्लेरेंस थामस, सैमुअल एलिटो और ब्रेट कैवना थे जिनमें कैवना को ट्रंप ने नियुक्त किया था। इन्होंने असहमति मत में लिखा कि वास्तव में टैरिफ आयात को नियंत्रित करने का पारंपरिक और सामान्य उपकरण है तथा आइईईपीए का पाठ, इतिहास तथा पूर्व की तमाम मिसालें प्रशासन के पक्ष का समर्थन करती हैं। जज कैवना ने चेतावनी दी कि इस निर्णय से चीन, ब्रिटेन और जापान जैसे देशों के साथ हुए व्यापार समझौतों पर अनिश्चितता पैदा हो सकती है। हालांकि फैसले में यह साफ नहीं है कि कंपनियों को उन अरबों डॉलर का रिफंड मिलेगा या नहीं, जो दिसंबर 2025 तक ही अमेरिकी खजाने में करीब 133 अरब डॉलर से अधिक जमा हो चुके हैं। इनमें कुछ कंपनियां पहले ही निचली अदालतों में रिफंड का दावा पेश कर चुकी हैं। निश्चित रूप से ट्रंप की स्थिति बहुत मजाक वाली हो गई है। कहीं न कहीं वो हाशिए पर भी हैं। ट्रंप की खिसियाहट इसी से समझ आती है कि एक तो उन्होंने अदालत को भला-बुरा कह कर दुनिया को चौंकाया और यहां तक कि उनके द्वारा नियुक्त विरोध में फैसले देने वाले न्यायाधीशों को देश द्रोही और परिवार में कैसे मुंह दिखाएंगे, तक कह दिया। लगता है कि ट्रंप को न्याय में विश्वास नहीं है और देर-सबेर अमेरिका में यह मांग भी उठेगी कि भारत सहित तमाम देशों की न्याय पालिका के समान वाली साफ और निष्पक्ष व्यवस्था अमेरिका में भी हो, जिससे नियुक्त न्यायाधीश बिना किसी के दबाव में न्याय हित में काम कर सकें। हां, ट्रंप का एक और सुन्दर सपना टूट जरूर गया है लेकिन ट्रंप और विवादों का चोली-दामन का रिश्ता कब और क्या, कुछ नया कर दे, कोई नहीं जानता। फिलाहाल ट्रंप ने ग्लोबल टैरिफ लगाकर, जब चाहें तब बदलकर अपने ही देश की सर्वोच्च अदालत को एक तरह से चुनौती दे डाली। इससे पहले शांति का नोबल पुरस्कार न मिलने पर उनकी हरकतों को दुनिया ने देखा। यह सब उनके पद और गरिमा को देखकर अनुकूल नहीं था। लगता है वो अमेरिका के ऐसे राष्ट्रपति जरूर बनने की ओर हैं जो सबसे विवादित, सनकी, नासमझ और तानाशाह कहलाएंगे। बता दें कि, व्हाइट हाउस में अर्जेंटीना के राष्ट्रपति जेवियर माइली के साथ एक संयुक्त प्रेस कार्यक्रम के दौरान डोनाल्ड ट्रंप ने एक महिला पत्रकार से सवाल पूछने के लिए कहा। जब पत्रकार ने चीन की लैटिन अमेरिका में बढ़ती उपस्थिति को लेकर अमेरिका की भूमिका पर एक सवाल किया, तो ट्रंप ने जवाब देने के बजाय उपराष्ट्रपति जे.डी. वेंस की ओर मुड़कर कहा, 'मुझे बस उनकी बातें सुनना अच्छा लगता है।' इसके बाद दोनों को हंसते हुए देखा गया, और फिर ट्रंप ने वापस पत्रकार की ओर मुड़कर कहा, 'बशाबाश...शाबाश...शुक्रिया, डार्लिंग।' यह वीडियो ऑनलाइन तेजी से वायरल हो गया, जिसके बाद सोशल मीडिया यूजर्स ने ट्रंप को आड़े हाथों लिया।

इससे पहले, ट्रंप ने इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी को दिए गए एक अटपटे कॉम्प्लीमेंट को लेकर भी सुर्खियां बटोरी थीं। शर्म अल-शेख में एक गाजा शांति शिखर सम्मेलन के दौरान वैश्विक नेताओं को धन्यवाद देते समय ट्रंप ने मेलोनी की ₹खूबसूरती₹ पर जोर दिया और पूछा कि क्या वह इस तारीफ से नाराज तो नहीं हैं। बहरहाल, ऐसे खिसियाए ट्रंप को देखकर लोग यही कह रहे हैं 'जिन्हें हम हार समझे थे गले अपने लगाने को, वही काले नाग बन बैठे हमें ही काट खाने को।'

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

## शहीदी दिवस

सुनील कुमार महला



# चंद्रशेखर आज़ाद : क्रांति, साहस व आत्मसम्मान की अमर गाथा

महान क्रांतिकारी, अदम्य साहस, अटूट देशभक्ति और आत्मसम्मान के प्रतीक चंद्रशेखर आज़ाद का आज 27 फरवरी को शहीद दिवस है। वर्ष 1931 में इसी दिन उन्होंने इलाहाबाद (अब प्रयागराज) के चंद्रशेखर आज़ाद पार्क (तत्कालीन अल्फ्रेड पार्क) में अंग्रेजों से घिर जाने पर वीरगति प्राप्त की। इनका जन्म 23 जुलाई 1906 को मध्य प्रदेश के अलीराजपुर जिले में हुआ तथा उनका बचपन झाबुआ जिले के भाबरा गांव में बीता, जहां उनके अधिकांश मित्र भील जनजाति के बालक थे। उनके साथ रहते हुए उन्होंने बचपन में ही धनुष-बाण चलाने में दक्षता हासिल कर ली, जो आगे चलकर उनकी अचूक निशानेबाजी का आधार बनी। इनका वास्तविक नाम चंद्रशेखर तिवारी था और 'आज़ाद' नाम उन्होंने स्वयं अदालत में घोषित किया था। दिसंबर 1921 में असहयोग आंदोलन में भाग लेने के कारण जब उन्हें गिरफ्तार किया गया तो मजिस्ट्रेट के सामने उन्होंने अपना नाम 'आज़ाद', पिता का नाम 'स्वतंत्रता' और पता 'जेलखाना' बताया। सजा के रूप में उन्हें 15 कोड़े लगाए गए, जिसके बाद से वे 'आज़ाद' के नाम से प्रसिद्ध हो गए।

उनकी माता जगरानी देवी चाहती थीं कि वे संस्कृत के विद्वान बनें, इसलिए उन्हें पढ़ाई के लिए वाराणसी के काशी विद्यापीठ भेजा गया, किंतु जलियांवाला बाग हत्याकांड ने उनकी सोच बदल दी और वे क्रांतिकारी मार्ग पर चल पड़े। उनकी जुबां पर अक्सर एक शेर रहता था-'दुश्मन की गोलियों का हम सामना करेंगे, आज़ाद ही रहे हैं, आज़ाद ही रहेंगे।' आज़ाद ने शपथ ली थी कि वे कभी अंग्रेजों के हाथ जीवित नहीं पकड़े जाएंगे और उन्होंने अंत तक अपने इस वचन को निभाया भी। वे भेष बदलने की कला में अत्यंत निपुण थे तथा कई बार पुलिस के सामने से निकल गए और उन्हें पता भी नहीं चला। पुलिस से बचने के लिए वे साधु/संन्यासी बनकर भी रहे और बच्चों को पढ़ाया। झांसी के पास ओरछा के जंगलों में उन्होंने 'पंडित हरिशंकर ब्रह्मचारी' नाम से संन्यासी रूप में निवास किया तथा साथियों को हथियार चलाने का प्रशिक्षण भी दिया। उनकी फुर्ती और तेज दिमाग के कारण साथी उन्हें 'क्विक सिल्वर' (पारा) कहते थे। वे क्रांतिकारी संगठन के वरिष्ठ नेता थे और युवाओं को प्रशिक्षण देते थे, जिनमें भगत सिंह भी शामिल थे। भगत सिंह उन्हें सम्मान से 'पंडित जी' कहते थे। दोनों की जोड़ी को 'आग और हवा' की तरह माना जाता था, जहां भगत सिंह वैचारिक रूप से गहरे थे, वहीं आज़ाद संगठन संचालन और क्रांतिकारी कार्रवाई में निपुण थे। महात्मा गांधी द्वारा 1922 में असहयोग आंदोलन स्थगित किए जाने के बाद वे हिंदुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन (एचआरए) से जुड़े। क्रांतिकारी गतिविधियों के लिए धन जुटाने हेतु 1925 में काकोरी ट्रेन कार्रवाई की गई। बाद में संगठन का पुनर्गठन कर हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन (एचएसआरए) बनाया गया, जिसकी स्थापना 1928 में दिल्ली के फिरोजशाह कोटला में आज़ाद, भगत सिंह, सुखदेव थापर और जोगेश चंद्र चटर्जी सहित अन्य साथियों ने की। उल्लेखनीय है कि आज़ाद 1929 में लॉर्ड इरविन की ट्रेन पर बम फेंकने की योजना में भी शामिल थे। 27 फरवरी 1931 को प्रयागराज के अल्फ्रेड पार्क में ब्रिटिश पुलिस ने उन्हें चारों ओर से घेर लिया। उन्होंने अपने साथी सुखदेव राज को सुरक्षित निकल जाने का अवसर दिया और स्वयं लगभग 40 मिनट तक अकेले पुलिस से लोहा लेते रहे। उस समय उनके पास केवल एक छोटी कोल्ट पिस्तौल थी। जब अंतिम गोली बची तो अपनी प्रतिज्ञा निभाते हुए उन्होंने स्वयं को गोली मार ली और वीरगति प्राप्त की। जानकारी मिलती है कि उनकी मृत्यु के बाद भी ब्रिटिश पुलिस उनके पास जाने से डर रही थी। पुष्टि करने के लिए दूर से उनके शरीर पर गोलियां चलाई गईं, तब जाकर वे पास पहुंचे। आज़ाद अत्यंत सादगीपूर्ण जीवन जीते थे। बहुत कम लोग ही जानते होंगे कि कई बार संगठन के लिए धन बचाने हेतु स्वयं भूखे रह जाते थे, लेकिन अपने साथियों की जरूरतें वे पहले पूरी करते थे। उनकी शहादत के बाद काफी समय तक उनकी माता को पूरी जानकारी नहीं दी गई थी, ताकि उन्हें गहरा सदमा न पहुंचे। निष्कर्षतः चंद्रशेखर आज़ाद ने अपना सम्पूर्ण जीवन राष्ट्र की स्वतंत्रता के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने युवाओं को यह संदेश दिया कि स्वतंत्रता, स्वाभिमान और अन्याय के विरुद्ध संघर्ष किसी भी समाज की सबसे बड़ी शक्ति होते हैं। उनका जीवन हमें सिखाता है कि दृढ़ संकल्प, त्याग और साहस से असंभव प्रतीत होने वाले लक्ष्य भी प्राप्त किए जा सकते हैं।



( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# साधना से ही मिलता है वास्तविक सुख



संकलित
दर्शन

अधिकांश व्यक्ति आज भौतिक मूल्यों के उपासक बन गए हैं। इस कारण जीवन के धर्म एवं मर्म को भुला बैठे हैं। उनकी इस उपासना ने दुनिया के बाह्य जगत को बड़ा सुहावना, लुभावना और आकर्षक बना दिया है। जबकि वास्तविक सुख आंतरिक सौंदर्य, अंतर्जगत की जागृति एवं अंतर्यात्रा से ही संभव है। भौतिक आकर्षण के पीछे मनुष्य दौड़ रहा है। यदि वह क्षण भर रुककर गंभीरता से सोचे तो उसे पता चलेगा कि यह सब भ्रम जाल है। जीवन वह नहीं, जिसे वह जी रहा है। संत एकनाथ ने कहा है कि धन जोड़कर भक्ति का दिखावा करने से कोई लाभ नहीं, क्योंकि ऐसा करने से मन में वासना और भी बढ़ जाएगी और जिनका चित्त वासना में फंसा हुआ है, उन्हें अंतरात्मा के दर्शन कैसे हो सकते हैं। वास्तविक सुख पाने के लिए व्यक्ति भक्ति यानी साधना की ओर प्रवृत्त होता है। स्थायी सुख की प्राप्ति भक्ति पर ही निर्भर है। भक्ति से मन को वश में करना है और मन को वश में करने का सरल उपाय है उसे परमात्मा के हेतु निरंतर भले कार्यों में लगाए रखना। महात्मा गांधी ने प्रेमा बहन के नाम लिखे पत्र में लिखा है-जो लोग कृष्ण-कृष्ण कहते हैं वे उसके पुजारी नहीं हैं। जो उनका काम करते हैं, वे ही पुजारी हैं। रोटी-रोटी कहने से पेट नहीं भरता, अपितु रोटी खाने से ही भरता है। मन को वश में लाने का अभ्यास अनेक प्रकार का होता है। इन अभ्यासों को ही भक्ति यानी साधना कहा गया है। जिस व्यक्ति ने स्वयं को शांति-अशांति, मान-अपमान और सुख-दुख से निर्लिप्त बना लिया है, वही निर्विघ्न शांति में स्थित रह सकता है।


# गरीब विद्वान व राजा भोज, बने भाई-भाई



संकलित
प्रेरणा

कई वर्ष पहले धार में राजा भोज का शासन था। उस राज्य में एक गरीब विद्वान रहता था। आर्थिक तंगी से घबराकर एक दिन विद्वान की पत्नी ने उससे कहा-आप राजा भोज के पास क्यों नहीं जाते? वह विद्वानों का बड़ा आदर करते हैं। हो सकता है आपकी विद्वता से प्रभावित होकर वह आपको ढेर सारा धन दे दें। विद्वान राजा के दरबार में पहुंचा। पहरेदार ने पूछाः आप कौन हैं? कहां जाना है? विद्वान ने कहाः जाओ राजा से कहो कि उनका भाई आया है। पहरेदार ने जब भोज को यह बात बताई तो.. वह सोचने लगेः मेरा तो कोई भाई है नहीं है फिर कौन हो सकता है। कहीं कोई धूर्त तो नहीं। उनकी उत्सुकता जागी। उन्होंने विद्वान को बुलवा लिया। 'कैसे हुए भाई-भाई' भोज ने विद्वान से पूछाः क्या तुम मेरे भाई हो? किस नाते से? विद्वान ने कहाः मैं आपका मौसेरा भाई हूं। आपकी मौसी का लड़का। भोज ने पूछाः कैसे? मेरी तो कोई मौसी नहीं है। विद्वान बोलाः महाराज। आप संपत्ति माता के पुत्र हैं और मैं विपत्ति माता का पुत्र। संपत्ति और विपत्ति बहनें हैं। इस नाते मैं आपका मौसेरा भाई हुआ न। यह सुनकर भोज बेहद प्रसन्न हुए। उन्होंने ढेर सारी स्वर्ण मुद्राएं विद्वान को दीं। फिर भोज ने पूछाः मेरी मौसी तो कुशल हैं न? इस पर विद्वान ने जवाब दियाः राजन, जब तक आपकी मौसी जीवित थीं, आपके दर्शन नहीं हुए थे। अब आपके दर्शन हुए तो आपकी मौसी स्वर्ग सिधार गईं। इस उत्तर से भोज को और भी प्रसन्नता हुई। उन्होंने विद्वान को गले से लगा लिया।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### विधायकों के भत्ते या फिजूलखर्ची

लोकतांत्रिक व्यवस्था में जनप्रतिनिधियों को मिलने वाली सुविधाएं हमेशा चर्चा और बहस का विषय रही हैं। वेतन और भत्तों का मूल उद्देश्य यह माना जाता है कि निर्वाचित प्रतिनिधि आर्थिक चिंता से मुक्त होकर जनता की सेवा कर सकें। लेकिन जब इन सुविधाओं का आकार बढ़ता है और उनके उपयोग में पारदर्शिता कम दिखाई देती है, तो स्वाभाविक रूप से सवाल उठते हैं। हाल ही में बिहार विधानसभा द्वारा विधायकों और विधान पार्षदों के लिए मासिक टेलीफोन भत्ता बढ़ाकर 8300 रुपए करने का निर्णय सामने आया है। इस फैसले की सबसे खास बात यह है कि यह राशि बिना किसी बिल या वाउचर के दी जाएगी। यानी खर्च का प्रमाण देना अनिवार्य नहीं होगा। यही कारण है कि यह विषय अचानक सार्वजनिक चर्चा का केंद्र बन गया है। - **ललित बंझोर**, रायपुर

## ट्रेंड

### मल्टीट्रैकिंग प्रोजेक्ट्स



हमारी सरकार ने गोंदिया-जबलपुर, पुनारख-किऊल और गम्हरिया-चांडिल के बीच तीन मल्टीट्रैकिंग प्रोजेक्ट्स को मंजूरी दी है। इन परियोजनाओं से महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, बिहार और झारखंड में आर्थिक विकास तेज होने के साथ-साथ रोजगार और पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।

- **नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### आतंकवाद स्वीकार नहीं



भारत और इजरायल पूरी तरह से स्पष्ट हैं कि आतंकवाद का दुनिया में कोई स्थान नहीं है। किसी भी रूप में, किसी भी अभिव्यक्ति में, आतंकवाद को स्वीकार नहीं किया जा सकता।हम कंधे-से-कंधा मिलाकर आतंकवाद और उनके समर्थकों का विरोध करते रहे हैं और आगे भी करते रहेंगे।

-**पियुष गोयल, केंद्रीय उद्योग मंत्री**


### गोवा में मिला अवसर



गोवा ने हमें एक छोटा सा अवसर दिया है, हम पूरी ईमानदारी और क्षमता से काम कर रहे हैं। हमें पूरे राज्य की सेवा करने का मौका दीजिए, और हम शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, सड़कें, बिजली और पानी जैसी व्यवस्थाओं में पंजाब की तर्ज पर बदलाव लाएंगे।

-**अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली**

### ट्रंप की धमकी



आप सब जानते हैं, रूस हमारा पुराना दोस्त, हमको तेल बेचता था, ईरान हमको तेल बेचता था, हम सस्ते में वहां से लेते थे, लेकिन ट्रंप ने धमकी दी और ये बोले- यस सर। ट्रंप जो कहते हैं उसको- यस सर।

-**मल्लिकार्जुन खरगे, अध्यक्ष, कांग्रेस**

## करंट अफेयर

# ब्रिटेन में हिंदू मंदिर के बंद होने का खतरा



पूर्वी ब्रिटेन के पीटरबरो शहर में एक परिसर में मौजूद 40 साल पुराने हिंदू मंदिर और कम्युनिटी सेंटर के बंद होने का डर है, क्योंकि स्थानीय प्राधिकारियों ने इस भवन को बेचने के फैसले को सही ठहराया है जो मंदिर के लिए किराये पर दिया गया है। भारत हिंदू समाज मंदिर की स्थापना 1986 में शहर के न्यू इंग्लैंड कॉम्प्लेक्स में हुई थी और कैम्ब्रिजशायर, नॉरफॉक तथा लिंकनशायर के बड़े इलाके के 13,000 से अधिक हिंदू यहां दर्शन करने आते हैं। मंदिर प्रशासन पीटरबरो सिटी काउंसिल से अपने फैसले पर पुनर्विचार करने की मांग करते हुए अभियान चला रहा है। इस महीने की शुरुआत में काउंसिल कैबिनेट की बैठक में यह कहा गया कि संपत्ति की बिक्री से करदाताओं के लिए सर्वश्रेष्ठ मूल्य दिलाने की उसकी कानूनी जिम्मेदारी/" है। वहीं, मंदिर ने एक बयान में कहा, हम भारत हिंदू समाज से जुड़े भवन की बिक्री की कड़ी निंदा करते हैं। समुदाय द्वारा बनाई गई संस्था को बंद दरवाजों के पीछे बिना पारदर्शिता या सहमति के नहीं बेचा जाना चाहिए। इसमें कहा गया, ' 'यह सिर्फ संपत्ति के बारे में नहीं है, बल्कि विरासत, भरोसे और जवाबदेही के बारे में है। समुदाय जवाब पाने का हक रखता है, गोपनीयता का नहीं। इस फैसले पर सवाल उठाए जाने चाहिए और इसका विरोध किया जाना चाहिए।''

## ऑफ बीट

# मानसिक समस्या जितनी गंभीर, सहानुभूति उतनी कम



समाज में चिंता (एंग्जायटी), अवसाद (डिप्रेशन) और एडीएचडी जैसी कुछ मानसिक स्वास्थ्य स्थितियों को पहले की तुलना में अब अधिक स्वीकार्यता मिली है। लोग अब कार्यस्थल, घर और सोशल मीडिया पर इनके बारे में खुलकर बात कर पाते हैं और अक्सर उन्हें सलाह भी मिलती है। यह बदलाव महत्वपूर्ण है क्योंकि इससे मदद मांगना आसान हुआ है और संस्थानों के लिए मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं को आधार बना कर कड़े कदम उठाना कठिन हो गया। लेकिन सार्वजनिक सहानुभूति समान रूप से नहीं मिलती है। कुछ स्थितियां व्यापक रूप से समझी जाती हैं, जबकि अन्य को अब भी संदेह और कठोर निर्णय का सामना करना पड़ता है। जैसे-जैसे लोग कुछ बीमारियों से परिचित होते जाते हैं, वे बीमारियां मानसिक रोग की /"स्वीकार्य/" छवि तय करने लगती हैं। जो लक्षण इस छवि में फिट नहीं बैठते, उन्हें अलग नजर से देखा जाता है। यहां बात 'अस्वीकार्यता' से संबंधित है। शोध से पता चलता है कि अवसाद और चिंता के प्रति सामाजिक नजरिया नर्म है, जबकि शिज़ोफ्रेनिया और व्यक्तित्व विकारों (जैसे बॉर्डरलाइन या नार्सिसिस्टिक पर्सनैलिटी डिसऑर्डर) के प्रति समाज में अधिक दूरी और भय वाली सोच है। नौ अलग-अलग निदानों पर किए गए एक अध्ययन में पाया गया कि लोगों द्वारा दूरी बनाए रखने की इच्छा शिज़ोफ्रेनिया और पर्सनैलिटी डिसऑर्डर के मामलों में सबसे अधिक थी।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## टी-20 विश्व कप: अभिषेक-पंड्या की फिफ्टी, एक मार्च को वेस्टइंडीज से टक्कर

# भारत ने जिम्बाब्वे को 72 रन से हराया सेमीफाइनल की उम्मीदें बरकरार

### भारत एक जीत दूर, अफ्रीका सेमीफाइनल में पहुंचा


भाषा ⏭ चेन्नई

हार्दिक पंड्या और अभिषेक शर्मा के अर्धशतक से भारत ने आईसीसी टी20 विश्व कप के सुपर आठ के एकतरफा मैच में बृहस्पतिवार को यहां जिम्बाब्वे को 72 रन से रौंदकर सेमीफाइनल में जगह बनाने की उम्मीदों को जीवंत रखा। भारत की जीत के साथ दक्षिण अफ्रीका ने ग्रुप एक से सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया। भारत और वेस्टइंडीज के बीच रविवार को होने वाले मैच से ग्रुप से सेमीफाइनल में जगह बनाने वाली दूसरी टीम का फैसला होगा।

**अर्शदीप सिंह ने 3 विकेट झटके**

**• हार्दिक पंड्या प्लेयर ऑफ द मैच रहे**

भारत के 257 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए जिम्बाब्वे की टीम सलामी बल्लेबाज ब्रायन बेनेट (नाबाद 97 रन, 59 गेंद, छह छक्के, आठ चौके) के अर्धशतक और कप्तान सिकंदर रजा (31) के साथ उनकी तीसरे विकेट की 72 रन की साझेदारी के बावजूद कभी लक्ष्य के करीब पहुंचने की स्थिति में भी नहीं दिखी और छह विकेट पर 184 रन ही बना सकी। भारत की ओर से अर्शदीप सिंह सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 24 रन देकर तीन विकेट चटकाए। अक्षर पटेल (35 रन पर एक विकेट), वरुण चक्रवर्ती (35 रन पर एक विकेट) और शिवम दुबे (46 रन पर एक विकेट) ने एक-एक विकेट चटकाया। फॉर्म में वापसी करने वाले सलामी बल्लेबाज अभिषेक (55, 30 गेंद, चार छक्के, चार चौके) और पंड्या (नाबाद 50, 23 गेंद, चार छक्के, दो चौके) के धमाकेदार अर्धशतक से भारत ने चार विकेट पर 256 रन बनाए जो टूर्नामेंट के इतिहास का दूसरा सबसे बड़ा और मौजूदा टूर्नामेंट का सबसे बड़ा स्कोर है। पंड्या ने तिलक वर्मा (नाबाद 44, 16 गेंद, चार छक्के, तीन चौके) के साथ पांचवें विकेट के लिए 31 गेंद में 84 रन की अटूट साझेदारी करके टीम का स्कोर 250 रन के पार पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। इससे पहले अभिषेक ने संजू सैमसन (24) के साथ पहले विकेट के लिए 48 और इशान किशन (38) के साथ दूसरे विकेट के लिए 72 रन की साझेदारी करने भारत को ठोस मंच दिया।




### तिलक ने नाबाद 44 रन बनाए

**बेनेट ने सबसे ज्यादा नाबाद 97 रन बनाए**

**भारत-256/4 (20)**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| संजू का बर्ल बो मुजरबानी | 24 |
| अभिषेक का रजा बो मपोसा | 55 |
| इशान का नगारवा को रजा | 38 |
| यादव का मुसेकिवा बो नगारवा | 33 |
| हार्दिक पंड्या नाबाद | 50 |
| तिलक वर्मा नाबाद | 44 |

अतिरिक्त: 12
कुल:20 ओवर में चार विकेट पर: 256 रन
विकेट पतन: 1-48, 2-120, 3-150, 4-172
गेंदबाजी: नगारवा 4-0-62-1, मुजरबानी 4-0-43-1, मपोसा 2-0-40-1, इवांस 4-0-52-0, रजा 3-0-29-1, बेनेट 2-0-16-0, बर्ल 1-0-10-0

**जिम्बाब्वे-184/6 (20)**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| ब्रायन बेनेट नाबाद | 97 |
| ताडिवनाशे का इशान बो अक्षर | 20 |
| डियोन का तिलक बो चक्रवर्ती | 06 |
| रजा का अभिषेक बो अर्शदीप | 31 |
| रेयान बर्ल बो अर्शदीप | 00 |
| टोनी मुनयोंगा बो अर्शदीप | 11 |
| ताशिंगा का सैमसन बो दुबे | 07 |
| ब्रेड इवांस नाबाद | 01 |

अतिरिक्त: 11
कुल:20 ओवर में छह विकेट पर: 184 रन
विकेट पतन: 1-44, 2-72, 3-144, 4-144, 5-162, 6-173
गेंदबाजी: अर्शदीप 4-0-24-3, पंड्या 3-0-21-0, बुमराह 3-0-21-0, चक्रवर्ती 4-0-35-1, अक्षर 4-0-35-1, दुबे 2-0-46-1

## 176 रन का लक्ष्य 17वें ओवर में ही किया हासिल

# अफ्रीका ने वेस्टइंडीज को हराते हुए सेमीफाइनल की ओर बढ़ाया कदम




एजेंसी ⏭ अहमदाबाद

टी-20 विश्व कप 2026 के 47वें मैच में दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम ने वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम को 9 विकेट से हराया। सुपर-8 के इस मुकाबले में कैरेबियाई टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए रोमारियो शेफर्ड के अर्धशतक (51*) की मदद से 176/8 का स्कोर बनाया। जवाब में प्रोटियाज टीम ने कप्तान एडेन मार्करम (82*) और क्विंटन डिकॉक (47) की पारियों की मदद से 17वें ओवर में लक्ष्य हासिल किया। सुपर-8 चरण में दक्षिण अफ्रीकी टीम ने अपनी लगातार दूसरी जीत दर्ज की। मार्करम की कप्तानी वाली टीम अब ग्रुप-1 में शीर्ष पर पहुंच गई है। अब दक्षिण अफ्रीका को अपने सुपर-8 के आखिरी मैच में जिम्बाब्वे से 1 मार्च को भिड़ना है। दूसरी तरफ वेस्टइंडीज की यह टी-20 विश्व कप 2026 में पहली हार हुई। वेस्टइंडीज की टीम तालिका में फिलहाल दूसरे स्थान पर है।

**इस तरह से जीती दक्षिण अफ्रीकी टीम**

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए वेस्टइंडीज ने 34 रन तक अपने 4 विकेट गंवा दिए। लगातार गिर रहे विकेटों के बीच जेसन होल्डर (49) और रोमारियो शेफर्ड (52*) ने उम्दा पारियां खेली और टीम को अच्छे स्कोर तक पहुंचाया। जवाब में दक्षिण अफ्रीका से डिकॉक (47) और मार्करम ने 95 रन की साझेदारी की। अच्छी शुरुआत के बाद रयान रिकेल्टन (45*) और मार्करम ने टीम को आसान जीत दिलाई।

**शेफर्ड और होल्डर की रिकॉर्ड साझेदारी**

*होल्डर और शेफर्ड ने टी-20 अंतरराष्ट्रीय में किसी फुल-मेंबर जोड़ी द्वारा 8वें विकेट या उससे निचले क्रम की सबसे बड़ी साझेदारी की। दिलचस्प रूप से शेफर्ड पिछली सबसे बड़ी साझेदारी में भी शामिल थे, जब उन्होंने पिछले साल शमर स्प्रिंगर के साथ 78 रन (बनाम न्यूजीलैंड, 2025) जोड़े थे। बता दें कि शेफर्ड टी-20 अंतरराष्ट्रीय में वेस्टइंडीज की 8वें विकेट या उससे निचले क्रम की 6 अर्धशतकीय साझेदारियों में शामिल रहे हैं।*

## खबर संक्षेप



### महिला फुटबॉल टीम ने स्वीडिश क्लब खिलाफ 1-1 से ड्रा खेला

**नई दिल्ली।** भारत की अंडर-20 महिला फुटबॉल टीम ने स्वीडन के लिडिंगो स्थित बोसन नेशनल स्पोर्ट्स सेंटर में स्वीडिश क्लब एनस्केडे आईके डैम के खिलाफ एक मैत्री मैच 1-1 से ड्रॉ खेला। इस मैच में सिबानी देवी नोंगमेइकापम ने 44वें मिनट में भारत को बढ़त दिलाई। एनस्केडे ने 88वें मिनट में स्कोर बराबर किया। भारत की अंडर-20 टीम के मुख्य कोच जोआकिम एलेक्जेंडर्सन ने टैबी एफके के खिलाफ पिछले मैच में 4-0 से जीत दर्ज करने वाली टीम के शुरुआती एकादश में आठ बदलाव किए। इससे पहले भारतीय टीम को हैमरबी आईएफ से 0-6 से हार का सामना करना पड़ा था।भारतीय टीम शनिवार को कार्लबर्ग्स बीके के खिलाफ एक और मैत्री मैच खेलेगी।

### श्रीकांत हारे, जर्मन ओपन में भारत का अभियान खत्म

**मुलहेम एन डेर रूर (जर्मनी)।** सीनियर भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत बृहस्पतिवार को यहां पुरुष एकल के दूसरे दौर में चीनी ताइपे के लिन चुन यी से सीधे गेम में हारकर जर्मन ओपन सुपर 300 टूर्नामेंट से बाहर हो गए। विश्व चैंपियनशिप 2021 के रजत पदक विजेता श्रीकांत को इंडिया ओपन सुपर 750 चैंपियन लिन के खिलाफ 32 मिनट तक चले मुकाबले में 14-21, 9-21 से हार का सामना करना पड़ा। श्रीकांत की हार के साथ ही टूर्नामेंट में भारत का अभियान भी खत्म हो गया। दुनिया के नंबर 11 लिन ने श्रीकांत को 2024 स्विस ओपन में अपनी पिछली मुलाकात में भी हराया था।

### सिंगापुर के पूर्व हॉकी खिलाड़ी फारूक मैरिकन का निधन

**सिंगापुर।** सिंगापुर के भारतीय मूल के पूर्व हॉकी खिलाड़ी और मैनेजर फारूक मैरिकन अली का बृहस्पतिवार को निधन हो गया। वह 80 बरस के थे। देश के खेल समुदाय ने अली के निधन पर दुख जताया जो हॉकी को 'जीते थे' और अपने खिलाड़ियों का बहुत ख्याल रखते थे। फारूक के परिवार में 68 साल की पत्नी जैसिंटा एरियोला और 42 साल की बेटी शाईन मैरिकन हैं। दिग्गज पेनल्टी कॉर्नर विशेषज्ञ फारूक डिफेंडर की भूमिका में खेलते थे और 1968 से 1971 तक राष्ट्रीय टीम के लिए खेले। उन्होंने 1982 से 2000 के दशक तक सिंगापुर की पुरुष टीम के मेनेजर की भूमिका निभाई।



### सिमोन बाइल्स लॉरियस की एंबेसडर बनीं

**नई दिल्ली।** सात बार ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता अमेरिकी जिम्नास्ट सिमोन बाइल्स को लॉरियस का एंबेसडर नियुक्त किया है। इस तरह से वह लॉरियस का एंबेसडर बनने वाले कई स्टार खिलाड़ियों के समूह में शामिल हो गई हैं। इन खिलाड़ियों में भारतीय भाला फेंक के दिग्गज नीरज चोपड़ा और विश्व कप विजेता पूर्व क्रिकेटर युवराज सिंह भी शामिल हैं।

# न्यूजीलैंड को सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए इंग्लैंड को आज चटानी होगी धूल

एजेंसी ⏭ कोलंबो

टी-20 विश्व कप 2026 के 49वें मैच में इंग्लैंड क्रिकेट टीम का सामना न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम से आज शुक्रवार 27 फरवरी को होगा। यह सुपर-8 चरण में ग्रुप-2 का मुकाबला होगा।

इंग्लैंड टीम 2 मैच जीतकर सेमीफाइनल में जगह पक्की कर चुकी है। अब श्रीलंका के खिलाफ जीत के बाद जोश से लबरेज न्यूजीलैंड की टीम भी इस मुकाबले को जीतकर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की करना चाहेगी। इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच यह मैच कोलंबो के प्रेमदासा स्टेडियम में रात 7 बजे से खेला जाएगा।

**टी-20 विश्व कप 2026 : मैच कोलंबो के प्रेमदासा स्टेडियम में सायं 7 बजे से**




**न्यूजीलैंड के खिलाफ भारी रहा है इंग्लैंड का पलड़ा**

टी-20 प्रारूप में न्यूजीलैंड के खिलाफ इंग्लैंड का पलड़ा भारी रहा है। दोनों टीमों के बीच कुल 30 मुकाबले खेले गए हैं। इनमें से 17 में इंग्लिश टीम ने जीत दर्ज की है, जबकि कीवी टीम केवल 10 मुकाबले जीतने में सफल रही है। 3 मुकाबले अनिर्णित रहे हैं।

### उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र कबड्डी सीनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में

भाषा ⏭ नई दिल्ली

तमिलनाडु, चंडीगढ़, सेना, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, हिमाचल प्रदेश, भारतीय रेलवे और बिहार बृहस्पतिवार को यहां 72वीं सीनियर पुरुष राष्ट्रीय कबड्डी चैंपियनशिप के तीसरे दिन क्वार्टर फाइनल में पहुंच गईं। अगले राउंड में जगह बनाने के लिए 16 टीमें आठ नॉकआउट मैच में खेलीं। उत्तर प्रदेश ने गत चैंपियन सेना को 55-51 से हराकर बड़ा उलटफेर किया। महाराष्ट्र ने हिमाचल प्रदेश पर 53-38 से जीत दर्ज की। नॉकआउट में एक और बड़ा उलटफेर देखने को मिला, जब तमिलनाडु ने टूर्नामेंट की सबसे मजबूत टीमों में से एक हरियाणा को टाई-ब्रेकर में हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। दोनों टीमों का स्कोर 35-35 से बराबर रहा। चंडीगढ़ ने मध्य प्रदेश पर 45-26 से जीत दर्ज की। महाराष्ट्र ने पुडुचेरी को 69-21 से हराया। हिमाचल प्रदेश ने राजस्थान को 56-53 से हराया। उत्तर प्रदेश ने जम्मू-कश्मीर पर 65-24 की जीत से अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। एक और एकतरफा मुकाबले में सेना ने गोवा को 51-22 से हराया।

### पहली बार श्रीलंका के साथ क्रिकेट मैचों की मेजबानी करेगा अफगानिस्तान


**दुबई।** अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने श्रीलंका क्रिकेट टीम के खिलाफ वनडे और टी-20 सीरीज की घोषणा की है। इस सीरीज में 13 मार्च से 3 मैचों की टी-20 सीरीज और 20 मार्च से 3 मैचों की वनडे सीरीज खेली जाएगी। ये दोनों सीरीज यूएई में खेली जाएगी। बता दें कि 2024 के बाद ये दोनों टीमें द्विपक्षीय सीरीज में आपस में भिड़ने के लिए तैयार हैं। एसीबी के सीईओ नसीब खान ने पहली बार श्रीलंका की मेजबानी को लेकर खुशी जताई। उन्होंने कहा, हम अपने इतिहास में पहली बार श्रीलंका की मेजबानी के लिए उत्सुक हैं। यह श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड के साथ हमारे सहयोग को दिखाता है, और हम भविष्य में प्रतिस्पर्धी क्रिकेट अनुभव देने के लिए जिम्मेदार हैं। श्रीलंका हाल ही में बहुत अच्छा क्रिकेट खेल रहा है, और हम 2 अच्छी टीमों के बीच एक प्रतिस्पर्धी सीरीज का इंतजार कर रहे हैं।

■ **शारजाह और दुबई में खेले जाएंगे मैच**

# अब 15 दिनों का होगा खेल महोत्सव और गुलमर्ग बनेगा शीतकालीन खेलों का ग्लोबल हब: मांडविया

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुलमर्ग (जम्मू-कश्मीर)

केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने आज गुलमर्ग में छठे 'खेलो इंडिया विंटर गेम्स' के समापन समारोह को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने जम्मू-कश्मीर को विश्व स्तरीय विंटर स्पोर्ट्स डेस्टिनेशन बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। डॉ. मांडविया ने घोषणा की कि भविष्य में गुलमर्ग में होने वाले शीतकालीन खेल केवल चार दिनों तक सीमित नहीं रहेंगे। इन्हें पर्यटन और संस्कृति के साथ जोड़कर 15 दिनों के एक एकीकृत खेल उत्सव के रूप में मनाया जाएगा, जिसमें 'फिट इंडिया कार्निवल' और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी शामिल होंगे। समापन समारोह के दौरान डॉ. मांडविया ने विजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान की।



**देशभर के 900 से अधिक एथलीटों ने लिया भाग**

**दो चरणों में आयोजन:** 'खेलो इंडिया विंटर गेम्स' 2026 का पहला चरण 20-26 जनवरी तक लद्दाख में आयोजित किया गया था, जबकि दूसरा चरण गुलमर्ग में संपन्न हुआ। इस स्पर्धा में 25 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 900 से अधिक एथलीटों ने छह अलग-अलग खेलों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मंत्री ने दोहराया कि 'खेलो भारत नीति' के तहत सरकार की नीतियां खिलाड़ी-केंद्रित हैं, न कि महासंघों के पक्ष में, ताकि युवाओं की आकांक्षाओं को उड़ान मिल सके।

**प्रमुख घोषणाएं और मुख्य बिंदु**

**नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस**

जम्मू-कश्मीर में शीतकालीन खेलों के बुनियादी ढांचे और प्रशिक्षण प्रणाली को मजबूत करने के लिए एक 'नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' स्थापित किया जाएगा।

**ग्लोबल हब के रूप में पहचान**

खेल मंत्री ने विश्वास जताया कि गुलमर्ग जल्द ही शीतकालीन खेलों का वैश्विक केंद्र बनेगा। खेल मंत्री ने कहा कि उन्होंने स्विट्जरलैंड सहित दुनिया के 55 देशों की यात्रा की है, लेकिन पीर पंजाल की चोटियों की सुंदरता अतुलनीय है।


**रेलयात्री कृपया ध्यान दें!**

**होली विशेष रेलगाड़ियाँ-2026 की संख्या में वृद्धि**

रेलयात्रियों की सुविधा के लिए आगामी होली त्यौहार के दौरान पहले से ही घोषित अनेक होली विशेष रेलगाड़ियों के अलावा रेलवे द्वारा निम्नलिखित होली त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों का भी संचालन किया जायेगा, जिनका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:

**04088/04087 नई दिल्ली - पटना जं. - नई दिल्ली आरक्षित विशेष एक्सप्रेस (प्रतिदिन)** — 10 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04088 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04087 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 14:30 | नई दिल्ली | 09:10 | --- |
| 10:45 | --- | पटना जं. | --- | 12:05 |

**चलने के दिन: 04088 नई दिल्ली से** दिनांक 27.02.2026 से 03.03.2026 तक (प्रतिदिन) और **04087 पटना जं.** से दिनांक 28.02.2026 से 04.03.2026 तक (प्रतिदिन)।
**स्थान:** 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
**ठहराव:** टूण्डला जं., गोविंदपुरी, सूबेदारगंज, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., दिलदारनगर जं., बक्सर, रघुनाथपुर, आरा एवं दानापुर स्टेशन।

**04056/04055 आनन्द विहार(टर्मि.)-बलिया-आनन्द विहार(टर्मि.) विशेष एक्सप्रेस (साप्ताहिक)** — 08 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04056 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04055 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 18:05 | आनन्द विहार(टर्मि.) | 06:35 | --- |
| 10:10 | --- | बलिया | --- | 14:00 |

**चलने के दिन: 04056 आनन्द विहार(टर्मि.) से** दिनांक 04.03.2026 से 25.03.2026 (बुधवार) तक। और **04055 बलिया** से दिनांक 05.03.2026 से 26.03.2026 (गुरुवार) तक।
**स्थान:** प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता. एवं शयनयान
**ठहराव:** कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., जौनपुर एवं गाजीपुर सिटी स्टेशन।

**04664/04663 अमृतसर-पटना जं.-अमृतसर आरक्षित विशेष रेलगाड़ी** — 06 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04664 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04663 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 09:45 | अमृतसर | 20:00 | --- |
| 02:35 | 02:45 | लखनऊ | 03:45 | 03:55 |
| 13:30 | --- | पटना जं. | --- | 16:00 |

**चलने के दिन: 04664 अमृतसर से** दिनांक 27.02.2026, 02.03.26 एवं 05.03.26 को। और **04663 पटना जं.** से दिनांक 28.02.2026, 03.03.2026 एवं 06.03.2026 को।
**स्थान:** प्रथम वाता., 2 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
**ठहराव:** ब्यास, जलंधर सिटी, ढंडारी कलां, सरहिंद जं., अंबाला कैंट जं., यमुनानगर जगाधरी, सहारनपुर, रूड़की, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, हरदोई, सुल्तानपुर जं., वाराणसी जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा और दानापुर स्टेशन।

**04026/04025 आनन्द विहार(टर्मि.)-गोरखपुर-आनन्द विहार(टर्मि.) विशेष रेलगाड़ी (प्रतिदिन)** — 08 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04026 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04025 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 21:05 | आनन्द विहार(टर्मि.) | 06:20 | --- |
| 12:00 | --- | गोरखपुर | --- | 14:00 |

**चलने के दिन: 04026 आनन्द विहार(टर्मि.) से** दिनांक 27.02.2026 से 02.03.2026 तक (प्रतिदिन) और **04025 गोरखपुर** से दिनांक 28.02.2026 से 03.03.2026 तक (प्रतिदिन)।
**स्थान:** 2 टियर वाता. एवं 3 टियर वाता.।
**ठहराव:** गाजियाबाद, हापुड, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर जं., ऐशबाग, गोंडा जं. एवं बस्ती स्टेशन।

**01302 हज़रत निज़ामुद्दीन-कलबुरगि विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी** — 01 फेरा

| रेलगाड़ी सं. 01302 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन |
|---|---|---|
| --- | 11:10 | हज़रत निज़ामुद्दीन |
| 08:30 | --- | कलबुरगि |

**चलने के दिन: 01302 हज़रत निज़ामुद्दीन से** दिनांक 01.03.2026 को
**स्थान:** 2 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
**ठहराव:** कोसी कलाँ, मथुरा जंक्शन, आगरा कैंट, धौलपुर, ग्वालियर, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी, बीना, रानी कमलापति, इटारसी जं., खंडवा, अकोला जं., वाशिम, हिंगोली डेक्कन, बासमत, पूर्णा जं., परभणी जं., परली वैजनाथ, लातूर रोड और बीदर स्टेशन।

**02569/02570 दरभंगा-नई दिल्ली-दरभंगा विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी (प्रतिदिन)** — 61 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 02569 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 02570 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 06:30 | दरभंगा | 10:00 | --- |
| 04:00 | --- | नई दिल्ली | --- | 12:15 |

**चलने के दिन: 02569 दरभंगा से** दिनांक 01.03.2026 से 30.03.2026 तक (प्रतिदिन) और **02570 नई दिल्ली** से दिनांक 01.03.26 से 31.03.26 तक (प्रतिदिन)।
**स्थान:** 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी एवं शयनयान।
**ठहराव:** समस्तीपुर जं., मुजफ्फरपुर जं., छपरा, सीवान जं., देवरिया सदर, गोरखपुर जं., बस्ती, ऐशबाग एवं कानपुर सेंट्रल स्टेशन।

**05017/05018 मऊ जं.-वलसाड-मऊ जं. विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी (साप्ताहिक)** — 04 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 05017 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 05018 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 03:45 | मऊ जं. | 00:45 | --- |
| 11:25 | 11:27 | बाराबंकी | 17:30 | 17:32 |
| 12:35 | --- | वलसाड | --- | 15:10 |

**चलने के दिन: 05017 मऊ जं. से** दिनांक 28.02.2026 एवं 07.03.2026 को (शनिवार) और **05018 वलसाड** से दिनांक 01.03.2026 एवं 08.03.2026 को (रविवार)।
**स्थान:** 2 टियर वाता. एवं 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
**ठहराव:** बेलथरा रोड, सलेमपुर जं., भटनी जं., देवरिया सदर, गोरखपुर, बस्ती, गोंडा जं., बादशाहनगर, ऐशबाग, कानपुर सेंट्रल, टूण्डला जं., ईदगाह आगरा जं., बयाना जं., गंगापुर सिटी, कोटा जं., रामगंज मंडी, भवानी मंडी, नागदा जं., रतलाम जं., वडोदरा जं. और सूरत स्टेशन।

**05064/05063 गोमतीनगर-मालतीपाटपुर-गोमतीनगर एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक)** — 09 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 05064 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 05063 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 18:55 | गोमतीनगर | 20:00 | --- |
| 05:25 | 05:30 | जौनपुर | 09:40 | 09:50 |
| 03:30 | --- | मालतीपाटपुर | --- | 11:15 |

**चलने के दिन: 05064 गोमतीनगर से** दिनांक 05.03.26 से 26.03.2026 तक (गुरुवार) और **05063 मालतीपाटपुर** से दिनांक 28.02.26 से 28.03.26 तक (शनिवार)।
**स्थान:** 2 टियर वाता. एवं 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
**ठहराव:** गोण्डा जं., बस्ती, गोरखपुर, देवरिया सदर, मऊ जं., औंड़िहार जं., वाराणसी, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, सासाराम, डेहरी–ऑन–सोन, गया जंक्शन, कोडरमा जंक्शन, नेताजी सुभाष चंद्र बोस गोमो, भोजुडीह जंक्शन, आद्रा जंक्शन, बांकुड़ा, बिष्णुपुर, मेदिनीपुर, हिजली, बालेश्वर, भद्रक, जाजपुर केन्द्रुझर रोड, कटक, भुवनेश्वर और खोरधा रोड जं. स्टेशन।

**05140/05139 प्रयागराज रामबाग-अयोध्या कैंट-प्रयागराज रामबाग विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी (प्रतिदिन)** — 20 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 05140 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 05139 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 18:05 | प्रयागराज रामबाग | 19:30 | --- |
| 05:35 | --- | अयोध्या कैंट | --- | 08:35 |

**चलने के दिन: 05140 प्रयागराज रामबाग से** दिनांक 01.03.2026 से 10.03.2026 तक (प्रतिदिन) और **05139 अयोध्या कैंट** से दिनांक 02.03.2026 से 11.03.2026 तक (प्रतिदिन)।
**स्थान:** 2 टियर वाता. एवं 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
**ठहराव:** ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, वाराणसी सिटी, सारनाथ, औंड़िहार जंक्शन, दुल्लहपुर, मऊ जंक्शन, बेल्थरा रोड, सलेमपुर जंक्शन, भटनी जंक्शन, देवरिया सदर, चौरी चौरा, गोरखपुर, खलीलाबाद, बस्ती, बभनान, मनकापुर जंक्शन, कटरा और अयोध्या धाम जं. स्टेशन।

**09639/09640 मदार जं.-रोहतक जं.-मदार जं. अनारक्षित विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी (प्रतिदिन)** — 62 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 09639 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 09640 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 04:30 | मदार जं. | 22:35 | --- |
| 12:50 | --- | रोहतक जं. | --- | 13:20 |

**चलने के दिन: 09639 मदार जं. से** और **09640 रोहतक जं.** से दिनांक 01.03.2026 से 31.03.2026 तक (प्रतिदिन)।
**स्थान:** सामान्य।
**ठहराव:** किशनगढ़, नरेना, फुलेरा जं., रेनवाल, बधाल, रिंगस जं., श्री माधोपुर, कांवट, भगेगा, नीम का थाना, मांवडा, डाबला, निजामपुर, नारनौल, अटेली, कुण्ड, रेवाड़ी, गोकलगढ़, पाल्हावास, झज्जर और अस्थल बोहर स्टेशन।

**02563/02564 बरौनी जं.-नई दिल्ली-बरौनी जं. विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी (प्रतिदिन)** — 61 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 02563 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 02564 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 07:40 | बरौनी जं. | 15:10 | --- |
| 05:10 | --- | नई दिल्ली | --- | 17:55 |

**चलने के दिन: 02563 बरौनी जं. से** दिनांक 01.03.2026 से 30.03.2026 तक (प्रतिदिन) और **02564 नई दिल्ली** से दिनांक 01.03.26 से 31.03.26 तक (प्रतिदिन)।
**स्थान:** 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी एवं शयनयान।
**ठहराव:** मुजफ्फरपुर जं., छपरा, सीवान जं., देवरिया सदर, गोरखपुर जं., बस्ती, ऐशबाग एवं कानपुर सेंट्रल स्टेशन।

**रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।**

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा–हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ




## यूएन में बोले जयशंकर

# मानवाधिकार पर राजनीति नहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने मानवाधिकारों को लेकर 'राजनीतिक बयानबाजी' से ऊपर उठकर विकास, क्षमता निर्माण और आतंकवाद के खिलाफ सख्त रुख अपनाने की जरूरत पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि मानवाधिकारों का उद्देश्य सबसे कमजोर वर्ग के लोगों के दैनिक जीवन में ठोस सुधार लाना होना चाहिए। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद के 61वें सत्र में अपने वर्चुअल संदेश में उन्होंने बुधवार को कहा कि संघर्ष, ध्रुवीकरण और अनिश्चितता से ग्रस्त दुनिया में भारत साझा आधार खोजने और उसका विस्तार करने का प्रयास करता है। उन्होंने कहा कि भारत ने हमने लगातार टकराव की जगह संवाद, विभाजन की जगह सहमति और संकीर्ण हितों की जगह मानव-केंद्रित विकास पर जोर दिया है। भारत हाल ही में सातवीं बार मानवाधिकार परिषद का सदस्य चुना गया है और उसे संयुक्त महासभा में 188 में से 177 मत मिले।



कमजोर वर्ग के लोगों के जीवन में ठोस सुधार लाना जरूरी

"जयशंकर ने कहा कि भारत ने लगातार टकराव की जगह संवाद, विभाजन की जगह सहमति और संकीर्ण हितों की जगह मानव-केंद्रित विकास पर जोर दिया है

### आतंकवाद के प्रति शून्य सहिष्णुता होनी चाहिए

जयशंकर ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र और मानवाधिकार परिषद को मानवाधिकारों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को पूरी तरह से साकार करने के लिए उन्हें आतंकवादी कृत्यों के लिए शून्य सहिष्णुता की वकालत करनी चाहिए। आतंकवाद मानवाधिकारों के सबसे जघन्य उल्लंघनों में से एक है, और इसका कोई औचित्य नहीं हो सकता, खासकर जब निर्दोष लोगों को निशाना बनाया जाता है।

**मानवाधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध:** विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने कहा कि दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र होने के नाते भारत सभी लोगों के लिए समानता और सम्मान के आधार पर मानवाधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने भारत के डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर का उदाहरण देते हुए कहा कि इससे करोड़ों लोगों को पारदर्शी तरीके से कल्याण योजनाओं, वित्तीय सेवाओं और सरकारी सुविधाओं तक पहुंच मिली है और भारत अपने अनुभव को वैश्विक हित में साझा कर रहा है।

# अफगानिस्तान के हमले में 40 पाक सैनिकों की मौत, 15 बॉर्डर चौकियों पर किया कब्जा

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

अफगानिस्तान ने पाकिस्तान पर गुरुवार देर रात हमला कर दिया है। कुनार प्रांत में तालिबान लड़ाकों के हमले में पाकिस्तानी सेना के 40 जवान मार गए हैं। यह जानकारी टोलो न्यूज ने तालिबान के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद के हवाले से दी है। इनमें से 13 शव लौटा दिए गए हैं। वहीं अफगान सैनिकों ने पाकिस्तानी सेना की 15 चौकियों पर कब्जा भी कर लिया है।

रिपोर्ट के मुताबिक, नंगरहार, नूरिस्तान, कुनार, खोस्त, पक्तिया और पक्तिका जैसे बॉर्डर इलाकों में दोनों पक्षों में संघर्ष जारी है। ये चौकियां नंगरहार के गोश्ता जिले और कुनार प्रांत में डूरंड लाइन के पास स्थित है।

पाकिस्तान ने 22 फरवरी को अफगानिस्तान के भीतरी इलाकों में हवाई हमले किए थे। उसका कहना था कि ये हमले पाकिस्तानी तालिबान (टीटीपी ) और इस्लामिक स्टेट से जुड़े ठिकानों पर किए गए हैं। पाकिस्तान के सूचना मंत्री अत्ताउल्लाह तरार ने बताया था कि यह कार्रवाई खुफिया जानकारी के आधार पर की गई थी और जरूरत पड़ने पर आगे भी ऐसे ऑपरेशन किए जाएंगे।

### पाक ने एयरस्ट्राइक की थी

इससे पहले रविवार को पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के सीमावर्ती इलाकों में एयरस्ट्राइक की थी। पाकिस्तान के उप गृह मंत्री तलाल चौधरी ने दावा किया था कि सीमावर्ती इलाकों में टीटीपी के ठिकानों पर कार्रवाई में कम से कम 70 लड़ाके मारे गए। बाद में पाकिस्तानी अखबार डॉन ने यह संख्या 80 तक पहुंचने का दावा किया था।

## पढ़नी होंगी दो भारतीय भाषाएं अब इंग्लिश होगी विदेशी भाषा

**नई दिल्ली।** देशभर के सीबीएसई स्कूलों में पढ़ने वाले छात्रों के लिए बड़ी खबर है। 2026-27 सेशन से सीबीएसई, नेशनल एजुकेशन पॉलिसी 2020 और नेशनल करिकुलम फ्रेमवर्क फॉर स्कूल एजुकेशन की सिफारिशों को लागू करने जा रहा है। इसके तहत कक्षा 6 से छात्रों के लिए तीसरी भाषा पढ़ना अनिवार्य किया जाएगा। रिपोर्ट के मुताबिक, नई व्यवस्था के अनुसार, कक्षा 6 से छात्रों को तीन भाषाएं पढ़नी होंगी। इनमें से कम से कम दो भाषाएं भारतीय होनी जरूरी हैं। इंग्लिश को 'विदेशी भाषा' माना जाएगा। यानी अगर कोई स्कूल कक्षा 6 में इंग्लिश पढ़ा रहा है, तो वह एक विदेशी भाषा मानी जाएगी और उसके साथ दो भारतीय भाषाएं पढ़ानी होंगी। अगर कोई स्कूल फ्रेंच या जर्मन जैसी कोई और विदेशी भाषा तीसरी भाषा के रूप में पढ़ाता है, तो उसके साथ भी दो भारतीय भाषाएं अनिवार्य होंगी।

## खबर संक्षेप

### दुबई से भारत लाया गया भगोड़ा अनिल रेड्डी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को इंटरपोल की मदद से संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में छिपे वांछित भगोड़े अनिल कुमार रेड्डी को भारत लाने में सफलता मिली है। यह अपराधी आंध्र प्रदेश में कई गंभीर मामलों में आरोपी है।



### गूगल के डेटा सेंटर में सबसे बड़ी बैटरी

**नई दिल्ली।** गूगल के नए डेटा सेंटर को सपोर्ट करने के लिए एक विशाल बैटरी सिस्टम लगाया जाएगा, जिसे दुनिया की सबसे बड़ी बैटरी बताया जा रहा है। यह 300 मेगावाट और 30 गीगावाट-घंटे क्षमता वाला स्टोरेज सिस्टम होगा, जिसे फॉर्म एनर्जी नाम की कंपनी विकसित कर रही है। इसे अमेरिका के मिनेसोटा राज्य के पाइन आइलैंड इलाके में तैनात किया जाएगा। इस परियोजना को स्थानीय यूटिलिटी कंपनी एक्सेल एनर्जी लागू करेगी।

### नेपाल सीमा से 10 किमी तक अतिक्रमण हटाने की कार्ययोजना बनाएं

**अररिया (भाषा)।** केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने बिहार में भारत-नेपाल सीमा से सटे क्षेत्रों में अतिक्रमण हटाने के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने का बृहस्पतिवार को आह्वान किया। ये निर्देश अररिया समाहरणालय में आयोजित बैठक में दिए गए, जिसमें सीमावर्ती छह अन्य जिलों पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, सुपौल, सीतामढ़ी, किशनगंज व मधुबनी के पुलिस अधिकारी शामिल हुए।

## पीएम मोदी ने इजराइल की अग्रणी तकनीकों वाली प्रदर्शनी का दौरा किया


तकनीकी साझेदारी बढ़ाने के अवसर तलाशने का निमंत्रण दिया

# इजराइली कंपनियों को भारत में निवेश और विनिर्माण के लिए किया 'आमंत्रित'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने इजराइली कंपनियों को भारत में निवेश करने, निर्माण स्थापित करने और तकनीकी साझेदारी बढ़ाने के अवसर तलाशने का निमंत्रण दिया। पीएम नरेंद्र मोदी ने इजराइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के साथ यहां विभिन्न क्षेत्रों में इजराइल की अग्रणी तकनीकों को प्रदर्शित करने वाली एक प्रदर्शनी का दौरा किया। इस प्रदर्शनी में एग्री-टेक, वॉटर-टेक, क्लाइमेट-टेक, हेल्थ-बायोटेक, स्मार्ट मोबिलिटी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), साइबर सुरक्षा और क्वांटम तकनीक जैसे क्षेत्रों की नवीन खोजें शामिल थीं। नवोन्मेषकों से बातचीत के दौरान पीएम मोदी ने कहा कि प्रदर्शित अत्याधुनिक तकनीकों में भारत-इजराइल नवाचार, स्टार्टअप और व्यापार साझेदारी को नई ऊंचाई देने की अपार क्षमता है। खासकर कृषि, जल प्रबंधन, स्वास्थ्य सेवा और डिजिटल सेवाओं जैसे क्षेत्रों में सहयोग की बड़ी संभावनाएं हैं। दोनों देश 'इंडिया-इजराइल इनोवेशन ब्रिज' पहल के तहत आधुनिक चुनौतियों का समाधान विकसित करने के लिए साथ मिलकर काम कर रहे हैं। इस दौरे के दौरान पीएम ने वैज्ञानिकों, टेक उद्यमियों और कई कंपनियों के सीईओ से बातचीत की।

*पीएम ने वैज्ञानिकों, टेक उद्यमियों, कई कंपनियों के सीईओ से की बात*



पीएम मोदी और इजराइल के पीएम नेतन्याहू साइबर सुरक्षा समाधान देखते हुए

### होलोकॉस्ट पीड़ितों को दी श्रद्धांजलि



पीएम नरेंद्र मोदी ने विश्व होलोकॉस्ट स्मरण केंद्र याद वाशेम का दौरा किया। उन्होंने पीड़ितों की याद में वहां एक पत्थर भी रखा। होलोकॉस्ट द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान नाजी जर्मनी द्वारा किया गया नरसंहार था, जिसमें लगभग 60 लाख यहूदियों को मार डाला गया था। पीएम ने स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित किया और होलोकॉस्ट के पीड़ितों को श्रद्धांजलि दी। इस स्मारक की स्थापना 1953 में इजराइली संसद (नेसेट) के एक अधिनियम के तहत की गई थी और इसे होलोकॉस्ट के स्मरण, दस्तावेजीकरण, शोध और शिक्षा की जिम्मेदारी सौंपी गई है।


### पीएम मोदी ने राष्ट्रपति हर्जोग से मुलाकात की



पीएम मोदी ने 'एक पेड़ मां के नाम' पहल के तहत राष्ट्रपति उद्यान में एक पौधा भी लगाया

पीएम मोदी ने इजराइल के राष्ट्रपति इसहाक हर्जोग से मुलाकात की और दोनों नेताओं ने शिक्षा, स्टार्टअप, नवाचार, प्रौद्योगिकी और कनेक्टिविटी के क्षेत्र में सहयोग को और बढ़ाने पर विचार-विमर्श किया। पीएम मोदी ने भारत-इजराइल विशेष साझेदारी को मजबूत करने में राष्ट्रपति हर्जोग के अटूट समर्थन के लिए उनका धन्यवाद किया।

### मोदी इजराइल की यात्रा संपन्न



यरुशलम (भाषा) प्रधानमंत्री मोदी इजराइल की अपनी दो दिवसीय यात्रा समाप्त करने के बाद बृहस्पतिवार को भारत के लिए रवाना हो गए। इस दौरान दोनों देशों ने अपने समय की कसौटी पर खरे साबित हुए संबंधों को एक विशेष रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक आगे बढ़ाया। प्रधानमंत्री मोदी यह पदक पाने वाले पहले विदेशी नेता हैं। विदेश मंत्रालय ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि इजराइल की यात्रा का सफल समापन! सार्थक चर्चाओं, कई सकारात्मक परिणामों और दोनों देशों द्वारा द्विपक्षीय संबंधों को शांति, नवाचार और समृद्धि के लिए विशेष रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक उन्नत करने के महत्वपूर्ण निर्णय के बाद, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारत के लिए रवाना हो गए हैं।'

## सर्वाइकल कैंसर से बचाव का अभियान

# मोदी कल अजमेर से एचपीवी टीकाकरण की शुरुआत करेंगे


एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 28 फरवरी को राजस्थान के अजमेर की 14 वर्ष आयु की लड़कियों के लिए राष्ट्रव्यापी 'ह्यूमन पैपिलोमावायरस' (एचपीवी) टीकाकरण अभियान का उद्घाटन करेंगे, जिसके साथ ही महिलाओं में रोके जा सकने वाले कैंसर को खत्म करने की दिशा में भारत के यह एक बड़े कदम की औपचारिक शुरुआत होगी। इस अभियान के दौरान एकल खुराक के रूप में 'गार्डासिल' 4 नाम का एक 'क्वाड्रिवेलेंट एचपीवी वैक्सीन' का इस्तेमाल किया जाएगा। यह इंजेक्शन सर्वाइकल कैंसर (गर्भाशय ग्रीवा का कैंसर) का कारण बनने वाले एचपीवी टाइप 16 और 18 से सुरक्षा प्रदान करता है। इसके साथ ही यह टाइप 6 और 11 से भी सुरक्षा प्रदान करता है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने 25 फरवरी को सभी राज्यों को भेजे गए पत्र में कहा कि 14 वर्ष की आयु की सभी लड़कियों के लिए एचपीवी टीकाकरण अभियान की शुरुआत अस्थायी रूप से 28 फरवरी को पूर्वाह्न 11:30 बजे करने की योजना बनाई गई है।

### अभिभावक की सहमति अनिवार्य, 3 माह अभियान

मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि एचपीवी टीकाकरण स्वैच्छिक होगा और बालिकाओं को टीका लगाने से पहले उनके अभिभावक या संरक्षक की सहमति अनिवार्य होगी। यह विशेष अभियान तीन महीने तक चलेगा।

## शादी के बंधन में बंधे मंदाना और विजय



**उदयपुर में तेलुगु रीति-रिवाजों से हुई शादी**

*एजेंसी। उदयपुर। साउथ इंडियन फिल्म इंडस्ट्री के पॉपुलर कपल रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा शादी के बंधन में बंध गए हैं। रश्मिका और विजय ने उदयपुर में परिवार और करीबी दोस्तों की मौजूदगी में शादी की है। शादी की झलकियां समय- समय पर कपल ने दिखाई भी हैं। रश्मिका और विजय की शादी तेलुगु रीति-रिवाजों के साथ हुई है। ये शादी 26 फरवरी 2026 को सुबह 10 बजकर 10 मिनट के मुहूर्त पर हुई है। तेलुगु रिवाजों के बाद अब शाम के समय में कोडवा रिवाजों से भी इन दोनों की शादी हुई है।*

## ईरान ने अमेरिका को दिखाया दम, लॉन्च की 'बैलिस्टिक मिसाइल' 2000 किमी दूर तक साधेगी निशाना

एजेंसी ▶▶ तेहरान

अमेरिका से बढ़ते तनाव के बीच ईरान ने एक नई बैलिस्टिक मिसाइल लांच की है। यह सतह से सतह पर मार करने वाली चौथी पीढ़ी की मिसाइल है। इस नई मिसाइल का नाम खैबर है और इसकी रेंज 2000 किमी है। ईरान ने इसे एक बेहद सीक्रेट जगह पर लांच किया है। अमेरिका से बढ़ते तनाव के बीच ईरान ने एक नई बैलिस्टिक मिसाइल लांच की है। यह सतह से सतह पर मार करने वाली चौथी पीढ़ी की मिसाइल है।



बैलिस्टिक मिसाइल खैबर

## जुलाई में डब्ल्यूटीओ करेगा भारत की व्यापार नीतियों की समीक्षा

**नई दिल्ली।** विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) में भारत की 8वीं व्यापार नीति की समीक्षा जुलाई में होगी। इसमें देश की व्यापार नीतियों की व्यापक सहकर्मी समीक्षा की जाएगी। वित्त मंत्रालय ने गुरुवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि इस समीक्षा से पहले भारत ने अपने डिजिटल सीमा शुल्क सुधारों और व्यापार सुविधा समझौते (टीएफए) के क्रियान्वयन को वैश्विक मंच पर प्रमुखता से प्रस्तुत किया है।

## आर्थिक साझेदारी पर यूएस के साथ 'सार्थक चर्चा'

# गोयल ने अमेरिकी वाणिज्य सचिव लटनिक और राजदूत सर्जियो गोर से की खास भेंट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को कहा कि उन्होंने अमेरिका के वाणिज्य सचिव हावर्ड लटनिक और भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर के साथ व्यापार और आर्थिक संबंधों को मजबूत करने के लिए 'बहुत ही सार्थक चर्चा' की। गोयल ने 'एक्स' पर पोस्ट में बताया कि उन्होंने अमेरिकी वाणिज्य सचिव और भारत में अमेरिकी राजदूत की मेजबानी की और द्विपक्षीय व्यापार व आर्थिक साझेदारी को मजबूत करने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण बातचीत की। उन्होंने कहा कि चर्चा का मुख्य फोकस भारत और अमेरिका के बीच सहयोग बढ़ाने और संबंधों को और गहरा करने पर रहा।



हावर्ड लटनिक (बाएं), पीयूष गोयल, सर्जियो गोर

### बैठक 'प्रोडक्टिव' रही: गोर

गोयल ने एक्स पर लिखा कि अमेरिकी वाणिज्य सचिव हावर्ड लटनिक और भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर की मेजबानी की। व्यापार और आर्थिक साझेदारी को बढ़ाने के लिए बहुत ही सार्थक चर्चाएं हुईं। सर्जियो गोर ने भी इस बैठक को 'प्रोडक्टिव' बताया और कहा कि हावर्ड लटनिक और पीयूष गोयल के साथ बहुत ही उपयोगी लंच मीटिंग रही। हमारे दोनों देशों के लिए सहयोग के कई क्षेत्र मौजूद हैं।

### 38 देशों के साथ एफटीए कर चुका भारत

गोयल ने कहा था कि भारत 38 देशों के साथ नौ एफटीए कर चुका है, जिससे भारतीय व्यवसायों को वैश्विक व्यापार के लगभग दो-तिहाई हिस्से तक विशेष पहुंच मिली है। इनसे भारतीय वस्तुओं, सेवाओं, कृषि और मत्स्य उत्पादों तथा श्रम-प्रधान क्षेत्रों को नए बाजार मिल रहे हैं।

## दुश्मन की पनडुब्बियों को ढूंढ-ढूंढकर करेगा तबाह!

# आज समुद्र में उतरेगा भारत का नया योद्धा 'आईएनएस अंजदीप'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय नौसेना तटीय सुरक्षा को और मजबूत करने की दिशा में 27 फरवरी यानी शुक्रवार को चेन्नई बंदरगाह पर डॉल्फिन हंटर पोत आईएनएस अंजदीप को तैनात करने जा रही है। यह पोत 'एंटी-सबमरीन वॉरफेयर शैलो वॉटर क्राफ्ट' परियोजना के तहत बनाए जा रहे 8 पोतों में से तीसरा है। समुद्र में भारत की ताकत और बढ़ जाएगी। कोलकाता स्थित गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स की ओर से निर्मित अंजदीप एक अत्याधुनिक युद्धपोत है, जिसे विशेष रूप से तटीय और उथले जल क्षेत्रों में परिचालन की चुनौतियों से निपटने के लिए डिजाइन किया गया है। इसका नाम कर्नाटक के कारवार तट (अरब सागर) के निकट स्थित अंजदीप द्वीप के नाम पर रखा गया है।

- चेन्नई बंदरगाह पर डॉल्फिन हंटर पोत अंजदीप को तैनात करेगी
- 'एंटी-सबमरीन वॉरफेयर शैलो वॉटर क्राफ्ट' के तहत तीसरा पोत



डॉल्फिन हंटर पोत आईएनएस अंजदीप

### 'डॉल्फिन हंटर' के रूप में कार्य करेगा

यह पोत 'डॉल्फिन हंटर' के रूप में कार्य करने के लिए डिजाइन किया गया है, जिसका मुख्य उद्देश्य 30 से 40 मीटर की गहराई वाले तटीय क्षेत्रों में दुश्मन की पनडुब्बियों का पता लगाना, उनका पीछा करना और उन्हें निष्क्रिय करना है। यह युद्धपोत तट से 100 से 150 नॉटिकल मील तक दुश्मन की सबमरीन का पता लगाने में सक्षम है। भारतीय नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी शुक्रवार को यहां आईएनएस अंजदीप के कमीशनिंग समारोह में भाग लेंगे।

### आधुनिक हथियारों से लैस

*'अंजदीप' एंटी-सबमरीन रॉकेट लॉन्चर, लाइटवेट टॉरपीडो, 30 मिमी नेवल गन, एएसडब्ल्यू कॉम्बैट सूट, हल-माउंटेड सोनार और लो-फ्रीक्वेंसी वैरिएबल डेप्थ सोनार से सुसज्जित है। यह लगभग 25 नॉटिकल मील प्रति घंटे की रफ्तार से चल सकता है और एक बार में करीब 3,300 किलोमीटर की दूरी तय करने में सक्षम है।*

### रक्षा क्षमता मजबूत होगी

*इस युद्धपोत के शामिल होने से नौसेना की भारत के व्यापक समुद्री हितों की सुरक्षा के साथ-साथ तमिलनाडु और पुडुचेरी के तटीय क्षेत्रों की निगरानी तथा रक्षा क्षमता और मजबूत होगी। पनडुब्बी रोधी युद्ध (एंटी-सबमरीन वॉरफेयर) भूमिका के अलावा यह पोत तटीय निगरानी, कम तीव्रता वाले समुद्री अभियानों तथा खोज एवं बचाव अभियानों को अंजाम देने में भी सक्षम है।*

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28